# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी








**अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर ने की पुष्टि, मृतकों के रिश्तेदारों का लिया जाएगा डीएनए सैंपल, अहमदाबाद से सारी उड़ानें रद्द**

विमान के पायलट को 8200 घंटे और को-पायलट को 1100 घंटे विमान उड़ाने का अनुभव था, उड़ान भरते ही लड़खड़ाया विमान

**हादसे की सूचना मिलते ही गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नागरिक उड्डयन मंत्री मौके पर पहुंचे**



**1:38 बजे विमान ने भरी उड़ान**
**1:40 बजे क्रेश**
**625 फुट की ऊंचाई पर था विमान**









गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का भी निधन

सड़कों पर लाशें बिखरीं महिला का सिर कटकर गिरा

## सिर्फ दो मिनट में सब खाक : लंदन जा रहा एआई बोइंग 787 ड्रीमलाइनर उड़ान भरते ही आग का गोला बना, अस्पताल की इमारत से टकराया, विमान में सवार 241 की मौत

# अहमदाबाद में उड़ान भरते ही बम की तरह फट गया विमान, 265 की मौत

**अहमदाबाद (भाषा)।** लंदन जा रहा एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान बृहस्पतिवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी समेत 265 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों विमान के दो पायलट, चालक दल के 10 सदस्य, 230 यात्रियों और मेडिकल हॉस्टल के 6 डॉक्टर्स समेत कई लोग शामिल हैं। अहमदाबाद पुलिस ने कहा कि हादसे के बाद सिविल अस्पताल में 265 शव लाए गए हैं। मरने वालों में हॉस्टल में रहने वाले लोग भी शामिल हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। इस भीषण हादसे में विमान में सवार भारतीय मूल का एक ब्रिटिश व्यक्ति जिंदा बचा है, जबकि 241 की मौत हो गई। विमान उड़ान भरने के बाद सिविल अस्पताल के हॉस्टल से टकरा गया। यहां रेजिडेंट डॉक्टर रहते। यहां 6 डॉक्टर्स समेत कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। 50 लोग घायल हुए हैं। ज्यादातर मेस में लंच कर रहे थे। धमाके का असर इतना ज्यादा था कि अंदर मौजूद डॉक्टरों के शव भी टुकड़ों में बिखर गए। विमान में आग लगने से उठे धुएं से हॉस्टल की बिल्डिंग पूरी तरह काली पड़ गई। (विशेष कवरेज पेज 5)




राजस्थान के बासवाड़ा की डॉ. कोनी व्यास पति डॉ. प्रदीप जोशी और तीन बच्चों के साथ लंदन जा रहे थे। उन्होंने यह सेल्फी विमान में बैठते ही ली थी, जो आखिरी साबित हुई।

## विमान में 169 भारतीय 53 ब्रिटिश 07 पुर्तगाली 01 कनाडाई व 12 क्रू सदस्य थे

*उड़ान भरने के बाद विमान अचानक लड़खड़ाकर नीचे आया और मेडिकल हॉस्टल से टकराकर आग के गोले में बदल गया। विमान का अगला हिस्सा (नोज) हॉस्टल की छत वाले अगले हिस्से में फंस गया। हॉस्टल खंडहर में बदल गया। यहां खाना खा रहे कई डॉक्टर्स गंभीर रूप से घायल हो गए और 6 की मौत हो गई।*



एयर इंडिया मृतकों के परिजनों को देगी 1-1 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि क्षतिग्रस्त मेडिकल हॉस्टल का निर्माण भी कराएगी

●

एयर इंडिया के सीईओ बोले-हम सभी के लिए यह मुश्किल समय



*गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी की भी एयर इंडिया के विमान हादसे में मौत हो गई। केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने यह जानकारी दी। रूपाणी 68 वर्ष के थे। गुजरात के राजकोट पश्चिम विधानसभा सीट से चुनाव जीतने के बाद 2016 से 2021 तक मुख्यमंत्री रहे थे। रूपाणी बेटी व पत्नी से मिलने गिटविक जा रहे थे।*

### विमान ने लंदन के गैटविक के लिए उड़ान भरी थी

अहमदाबाद से लंदन के गैटविक के लिए उड़ान भरने वाले विमान में सवार यात्रियों में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता विजय रुपाणी भी थे। हादसे में उनका भी निधन हो गया। इसके अलावा विमान में सवार कई बिजनेस टाइकून भी मारे गए। एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-171 में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। 103 पुरुष, 114 महिलाएं, 11 बच्चे और 2 नवजात शामिल हैं। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे।

### क्या कहता है डीजीसीए

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक बयान के अनुसार, 'विमान ने अहमदाबाद से अपराह्न 1:39 बजे रनवे 23 से उड़ान भरी। इसने एटीसी (हवाई यातायात नियंत्रण) को 'मेडे' (आपातकालीन संदेश देने के लिए) कॉल किया, लेकिन उसके बाद एटीसी द्वारा की गई कॉल का विमान से कोई जवाब नहीं मिला।' डीजीसीए ने एक बयान में बताया कि उड़ान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के हाथों में थी। उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर भी थे। सभरवाल के पास 8,200 घंटे की उड़ान का अनुभव था, जबकि कुंदर के पास 1,100 घंटे की उड़ान का अनुभव था।

### हॉटलाइन नंबर जारी

विमान बनाने वाली कंपनी बोइंग ने कहा कि उसे दुर्घटना की प्रारंभिक रिपोर्टों की जानकारी है तथा वह अधिक ब्यौरा जुटा रही है। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा, 'हमने और विवरण उपलब्ध कराने के लिए एक यात्री हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444 शुरू किया है।' वहीं, नागरिक उड्डयन मंत्रालय में एक परिचालन नियंत्रण कक्ष सक्रिय किया है है। जिसका नंबर: 011-24610843 I 9650391859 है। विमान क्रैश होने के बाद सड़कों पर शव बिखर गए। एक महिला का सिर कटकर सड़क पर जा गिरा। बुरी तरह झुलसी हालत में शव अस्पतालों में लाए गए हैं। शवों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट करवाया जाएगा।

### करिश्मे से कम नहीं : जिंदा बचे विश्वास का वीडियो सामने आया

सूत्रों ने पुलिस कमिश्नर के हवाले से जानकारी दी कि प्लेन की सीट नंबर 11-ए पर बैठे हुए भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास कुमार हादसे में जिंदा बच गए हैं। उनका वीडियो भी सामने आया है। इससे पहले न्यूज एजेंसी ने कहा था कि विमान में सवार सभी लोगों की मौत हो गई है। बाद में बताया गया कि एक व्यक्ति जिंदा बचा है।



### अस्पताल में पहुंचे बुरी तरह जले शव

हादसे में मारे गए लोगों के शव पूरी तरह जल चुके थे। पोस्टमॉर्टम के शवों को सिविल अस्पताल लाया गया। एम्बुलेंस की कमी आने पर शवों को हाथ ठेलों से भी लाया गया। ज्यादातर शव पूरी तरह जले हुए थे। अस्पताल में ओ निगेटिव ब्लड की कमी आ गई है। अस्पताल ने डोनर्स से ब्लड डोनेट करने की अपील की है। गुजरात सरकार ने सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर- 9978405304 और 079 232 51900 जारी किए हैं।

### कुरुक्षेत्र की बेटी अंजू शर्मा की भी गई जान

**कुरुक्षेत्र।** गांव रामसरन माजरा की बेटी अंजू शर्मा भी विमान हादसे में मौत हो गई। अंजू अपनी बेटी निम्मी शर्मा से मिलने के लिए लंदन जा रही थी। फिल्म स्टार मिलन शर्मा की बहन अंजू शर्मा गुजरात के वडोदरा में रहती है। अंजू की पुत्री निम्मी लंदन में रहती है।



### हृदय विदारक



यह हृदय विदारक आपदा है। राष्ट्र इस अवर्णनीय दु:खद घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है। यह बेहद दु:खद व स्तब्ध करने वाली दुर्घटना है। *- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति*

### त्रासदी से स्तब्ध



अहमदाबाद की त्रासदी से हम स्तब्ध और दु:खी हैं। इस घटना को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। गृह मंत्री अमित शाह और नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू मौके पर जाकर तत्काल सहायता उपलब्ध करवाएं। *- नरेंद्र मोदी, पीएम*

### भयावह हादसा



कई ब्रिटिश नागरिकों का विमान हादसे में मारा जाना बेहद दु:खद और भयावह घटना है। मेरी संवेदनाएं यात्रियों और उनके परिजनों के साथ हैं। मैं लगातार भारत सरकार के संपर्क में हूं। *- केयर स्टॉर्मर, ब्रिटिश पीएम*

### पीड़ादायक घटना



एयर इंडिया के दुर्भाग्यपूर्ण विमान हादसे की खबर दु:खद और पीड़ादायक है। मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिजनों के साथ हैं। **- नायब सैनी, सीएम**

### अकल्पनीय पीड़ा



यह हृदय विदारक दुर्घटना है। यह एक अकल्पनीय पीड़ा है। मेरी संवेदनाएं विमान में सवार यात्रियों और चालक दल के सदस्यों के परिवारों के साथ हैं। *- राहुल गांधी, नेता विपक्ष*

## दुनिया के बड़े विमान हादसे

**नवंबर 1996: हरियाणा में दो विमान टकराए, 349 मौतें**

भारत का अब तक का सबसे बड़ा विमान हादसा 12 नवम्बर 1996 को हुआ, जब चरखी दादरी में सऊदी अरब और कजाकिस्तान एयरलाइन के विमान टकरा गए थे। इस हादसे में 349 लोग मारे गए थे।

**1 जनवरी 1978**

मुंबई से उड़ान भरते ही बोइंग 747 अरब सागर में गिर गया। दिशा भ्रम और तकनीकी खराबी की वजह से हुए इस हादसे में 213 लोगों की जान चली गई।

**अगस्त 1985**

जापान एयरलाइंस का बोइंग 123 विमान क्रैश हो गया। हादसे में 520 लोगों की जान गई।

**मई 2010**

कर्नाटक के मैंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विमान रनवे से आगे फिसलता चला गया और खाई में गिरकर दो हिस्सों में टूट गया। इस हादसे में 158 यात्रियों की मौत हो गई थी।

**26 अप्रैल 1993**


इंडियन एयरलाइंस फ्लाइट 491 औरंगाबाद से मुंबई जा रही थी। जैसे ही विमान ने उड़ान भरना शुरू किया, उसी समय रनवे पर एक ट्रक मौजूद था। पायलट को ट्रक समय पर दिखाई नहीं दिया और विमान उससे टकरा गया। हादसे में 55 लोगों की जान चली गई, जबकि कई लोग घायल हुए।

**7 अगस्त 2020**

केरल के कोझिकोड में एअर इंडिया एक्सप्रेस का विमान रनवे से फिसलकर क्रैश हो गया था। इसमें 21 यात्रियों की मौत हुई थी, जबकि 110 लोग घायल हुए थे।

**मार्च 1977**

केएलएम फ्लाइट 4805 और पैन एम फ्लाइट 1736 को स्पेन के लॉस पामास एयरपोर्ट पर उतरना था, लेकिन बम धमाके के चलते दोनों फ्लाइट्स को लॉस रोडियोस एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया। दोनों बोइंग एक ही रनवे पर आ गए और टकरा गए। 586 की मौत हुई।






राजा रघुवंशी हत्याकांड

## सोनम और राज ने एक दूसरे पर लगाए आरोप


**शिलांग (भाषा)।** सोनम रघुवंशी ने मेघालय में हनीमून के दौरान अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या की साजिश का हिस्सा होने की बात कबूल की है और राज कुशवाह पर इसका मुख्य साजिशकर्ता होने का आरोप लगाया। मेघालय पुलिस के ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दूसरी ओर, पुलिस उप महानिरीक्षक डीएनआर मारक ने बताया कि सोनम के संदिग्ध प्रेमी राज कुशवाह ने हत्या की साजिश रचने का आरोप सोनम पर लगाया है। सोनम (25) को मेघालय में हनीमून के दौरान अपने पति राजा रघुवंशी (29) की साजिशन हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सोनम पर आरोप है कि उसने अपने कथित प्रेमी राज कुशवाह (20) के साथ मिलकर भाड़े के तीन हत्यारों के जरिये अपने पति की हत्या कराई ताकि उसे रास्ते से हटाया जा सके।



शिलॉन्ग में दोनों से की गई पूछताछ

## पंजाब की इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी की हत्या

**चंडीगढ़ (भाषा)।** पंजाब में बठिंडा जिले में आदेश विश्वविद्यालय की पार्किंग में एक कार में सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' कंचन कुमारी का शव मिला है। उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। कंचन नौ जून से लापता थीं। जिस कार में उनका शव मिला है, वह कार उनकी ही है। कमल कौर भाभी के नाम से मशहूर 30 वर्षीय कंचन के 'इंस्टाग्राम' पर 3.84 लाख 'फॉलोअर्स' हैं और वह फनी भाभी टीवी नाम से यूट्यूब चैनल चलाती थीं, जिसके 2.36 लाख सब्सक्राइबर हैं। पुलिस ने बताया कि नौ जून को वह अपनी मां को यह कहकर घर से निकली थीं कि वह एक 'प्रमोशन इवेंट' के लिए जा रही हैं। भुच्चो उपनगर के स्थानीय निवासियों ने पुलिस को आदेश विश्वविद्यालय की पार्किंग में खड़ी एक कार से बदबू आने की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और कार की पिछली सीट पर एक महिला का शव पाया।



बठिंडा विश्वविद्यालय की पार्किंग में कार में शव मिला

**कार्रवाई** इंजीनियर श्रीधर के ठिकानों से करोड़ों की संपत्ति जब्त

*भारी मात्रा में नकदी व सोना भी मिला, बेटे की शादी थाईलैंड में की जिसमें करोड़ों खर्च किए*

## तेलंगाना के सरकारी इंजीनियर के पास 19 प्लॉट और विला, 3 बड़ी इमारतें भी

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के सिंचाई विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर नुने श्रीधर के 13 ठिकानों पर एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने छापेमारी की। इस दौरान करोड़ों की अवैध संपत्ति जब्त की गई है। गुरुवार को एसीबी ने मामले की जानकारी दी। एसीबी के अधिकारियों ने बताया कि श्रीधर के पास मिली संपत्तियां, उनके आय के ज्ञात स्त्रोतों से कई गुना ज्यादा हैं। उनके पास हैदराबाद की प्राइम लोकेशन पर 19 रेसीडेंशियल प्लॉट, एक विला, 3 बिल्डिंग और कई फ्लैट हैं। इसके अलावा बड़ी मात्रा में कैश, सोना और बैंक बैलेंस भी है। एसीबी के अनुसार, श्रीधर ने अपने बेटे की शादी थाईलैंड में की, जिसमें कई करोड़ रुपये खर्च किए गए। श्रीधर का नाम दुनिया की सबसे बड़ी मल्टी-स्टेज लिफ्ट सिंचाई परियोजना कालेश्वरम प्रोजेक्ट से जुड़ा है। इस प्रोजेक्ट में करप्शन के आरोप लगे हैं। फिलहाल श्रीधर पर भी भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया गया।

### सिंचाई प्रोजेक्ट से कनेक्शन की जांच होगी



एसीबी के अधिकारियों ने कहा-श्रीधर के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया गया है। सभी फाइनेंशियल डॉक्यूमेंट्स, प्रॉपर्टी पेपर्स और लेन-देन की जानकारी खंगाली जा रही है। इससे पता लगाया जाएगा कि इन संपत्तियों का सिंचाई प्रोजेक्ट से तो कनेक्शन नहीं है।

### कालेश्वरम प्रोजेक्ट से भी जुड़े रहे इंजीनियर

रिपोर्ट्स के अनुसार, इंजीनियर श्रीधर का नाम कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना से भी जुड़ा हुआ है। यह प्रोजेक्ट दुनिया की सबसे बड़ी मल्टी-स्टेज लिफ्ट सिंचाई योजना मानी जाती है। इस प्रोजेक्ट पर पहले से ही भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और उनकी पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पहले ही इस परियोजना को लेकर पीसी घोष आयोग की जांच के दायरे में हैं। कालेश्वरम प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार के आरोप 2023 के विधानसभा चुनावों में बड़ा मुद्दा बने थे।

# बहल के युवक की राजस्थान में लाठियां व पत्थर मार-मारकर हत्या, लिव इन में रह रहा था विकास

■ हमले में महिला बुरी तरह से घायल, चुरू अस्पताल में भर्ती ■ पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल (भिवानी)

राजस्थान के सादुलपुर तहसील के लसेड़ी गांव में लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे बहल क्षेत्र के सुरपुरा खुर्द गांव निवासी युवक की लाठी एवं पत्थर मार-मारकर हत्या कर दी। हमले में महिला बुरी तरह से घायल हो गई, जिसे चुरू अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।



- महिला के ससुराल पक्ष पर आरोप दीवार फांदकर घर में घुसे हमलावर
- हमला करने में आठ से दस पुरुष व दो महिलाएं भी शामिल थी
- महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया

### महिला के पति को हो चुकी मौत

मृतक युवक महिला के पति का दोस्त था और महिला के पति की मौत के बाद उसका महिला के घर आना जाना था, जिससे महिला के ससुरालजन नाखुश थे। पुलिस ने मामले में पांच नामजद सहित अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना बुधवार रात है। बहल क्षेत्र के सुरपुरा खुर्द गांव निवासी युवक विकास की उस समय लाठी व पत्थरों से मारकर हत्या कर दी गई, जब वह लिव इन पार्टनर महिला के घर में मौजूद था। विकास पिछले कई सालों से महिला के साथ लसेड़ी गांव में रहता था। हमले में घायल महिला ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2003 में लसेड़ी गांव में किशोर कुमार के साथ हुई थी। उसे 20 साल की लड़की व 13 साल का लड़का है। उसका पति ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करता था।

वर्ष 2010 में उसके पति की किडनी खराब हो गई, जिसकी वर्ष 2014 में मौत हो गई। उसके पति के साथ हरियाणा के सुरपुरा खुर्द का विकास ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करता था और पति की बीमारी के समय मदद करता था। पति की मौत के बाद विकास का उसके घर आना जाना था, जबकि उसके ससुराल पक्ष के लोग इस बात को लेकर विकास से नाराज थे। महिला ने बताया कि बुधवार रात जब सब लोग सोए हुए थे तो रात के करीब 11 बजे राजेश, सचिन, विकास सहित 8-10 आदमी व 2-3 औरतें उनके घर का दरवाजा फांदकर आए। इन लोगों ने आते ही उसके व विकास के साथ लाठियों से मारपीट करनी शुरू कर दी। बिल्कुपाल, सुरेंद्र, राजेश व सचिन के हाथ में लाठियां थी, बाकि पत्थरों से मारने लगे।

### उठाकर गली में ले गए आरोपी

इस दौरान उसके बच्चों ने शोर मचाया तो उसे व विकास को घर से उठाकर बाहर गली में ले गए व फिर से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान विकास बेहोश हो गया व उसे मरा हुआ समझकर छोड़कर भाग गए। इसके बाद उन्हें एंबुलेंस से राजगढ़ के अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने विकास को मृत घोषित कर दिया। उसे चोट ज्यादा होने पर डीबीएच अस्पताल चूरू में रेफर कर दिया।

### आरोपियों को पकड़ने के लिए दो टीमों का गठन

पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला लिव इन रिलेशनशिप का प्रतीत हो रहा है, जो परिवार के लोगों को पसंद नहीं था। विकास के शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड से करवाया गया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमें गठित कर दी हैं, जो संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही हैं।

### दो भाइयों में छोटा था विकास, दसवीं तक की थी पढ़ाई

सुरपुरा खुर्द निवासी विकास दो भाइयों में छोटा था। वह दसवीं तक पढ़ा हुआ था। जानकारी के अनुसार विकास पिछले करीब सात-आठ साल से लसेड़ी गांव में रहता था। कुछ दिन उसने एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम भी किया था। विकास के पिता की मृत्यु हो चुकी है, जबकि भाई प्रदीप खेतीबाड़ी करता है। वह राजगढ़ में प्रॉपर्टी का काम भी करता था।

# घर के आंगन में लगे पेड़ के नीचे गड्ढा कर दबा रखा था 48 किलो चूरापोस्त

■ महिला पर पहले से छह एनडीपीएस के केस, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआईए स्टाफ ने गांव धमतान साहिब में मकान पर छापेमारी कर 48 किलो 350 ग्राम गांजा बरामद किया है। गांजा को आगन में लगे नीम के नीचे गड्ढे खोद कर तीन ड्रमों में भर कर मिट्टी डाली गई थी। खोदी गई मिट्टी पर संदेह न हो उसके उपर सोफे रखे गए थे। गढ़ी थाना पुलिस ने मकान मालकिन के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव धमतान साहिब निवासी सुनीता नशीले पदार्थों का कारोबार करती है। उसने अपने घर में नशीले पदार्थों की खेप छुपाई हुई है। सूचना के आधार पर पुलिस ने सुनीता के घर पर छापा मारा लेकिन सुनीता तथा उसके परिजन वंहा पर नही मिले। गांव के चौकीदार को बुला कर मकान मेंतलाशी अभियान चलाया। पुलिसकर्मियों को सुनीता के मकान के आंगन में दो नीम के पेडों के बीच मिट्टी खोदी हुई दिखाई दी। उस जगह पर दो सोफे रखे हुए थे। पुलिस कर्मियों ने सोफे तथा मिट्टी को हटा कर देखा तो उसमे तीन ड्रम दबे हुए पाए गए। जिसमें कुछ कट्टे भरे गए थे। जब कट्टो को खोल कर देखा तो उसमे गांजापत्ति भरी पाई गई। जिनका वजन 48 किलो 350 ग्राम पाया गया। गढ़ी थाना पुलिस ने सुनीता के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुनीता के खिलाफ पहले भी छह नशीले पदार्थ तस्करी के मामले दर्ज हैं। जो जमानत पर आने के बाद फिर से नशीले पदार्थो के कारोबार मे उतर आई। नरवाना सीआईए प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि आरोपित महिला के खिलाफ पहले भी छह नशा तस्करी के मामले दर्ज हैं। आरोपित महिला की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर कर रही है।



सिरसा। चूरापोस्त की खेप के साथ पुलिस की टीम।

# रेवाड़ी नागरिक अस्पताल का सर्जन लापता, रोहतक में सकुशल मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

■ गुरुवार अल सुबह तीन बजे घर से निकला था, फोन बंद आ रहा था

गढ़ी बोलनी रोड पर एक सोसायटी में रहने वाला सिविल अस्पताल का सर्जन वीरवार तड़के अचानक घर से लापता हो गया। कसोला पुलिस ने उसकी पत्नी की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद सर्जन का पता लगाने के प्रयास शुरू किए। बाद में सर्जन ने ही पत्नी को बताया कि वह रोहतक में ठहरा हुआ है। इसके बाद पुलिस और परिजनों ने राहत की सांस ली।

पुलिस शिकायत में सर्जन डा. प्रीतम की पत्नी डा. सुधा यादव ने बताया कि उसका पति वीरवार तड़के करीब 3 बजे बिना बताए घर से लापता हो गया। उसका मोबाइल फोन बंद आने से परिजनों की परेशानी बढ़ गई। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की तो पता चला कि डॉक्टर अपनी गाड़ी से सोसायटी के बाहर निकला था। डॉक्टर के लापता होने की खबर अस्पताल में भी आग की तरह फैल गई। एसएचओ कसोला शिव दर्शन ने बताया कि पारिवारिक मन मुटाव के चलते नाराज होकर डॉक्टर घर से चला गया। बाद में उसने अपनी पत्नी को फोन पर बताया कि वह रोहतक में रुका हुआ है और पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि डॉक्टर के परिजन संपर्क होने के बाद रोहतक प्रीतम को लाने के लिए रवाना हो गए।

# छात्र बोले, जब तक लाठीचार्ज करने वालों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक नहीं करेंगे बात

■ एचएयू : विद्यार्थियों का धरना जारी, विवि प्रशासन ने की बातचीत की अपील, छात्रों ने ठुकराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन व विद्यार्थियों के बीच उपजा तनाव यथावत जारी है। विद्यार्थियों का धरना गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रहा, वहीं घायल छात्र अभी नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन है। आरोप है कि घायल छात्रों की हालत ठीक नहीं होने के बावजूद नागरिक अस्पताल प्रशासन उन्हें डिस्चार्ज कर रहा है, लेकिन छात्र डिस्चार्ज नहीं ले रहे। उधर, गुरुवार को छात्रों की परीक्षा थी, लेकिन वर्तमान हालत को देखते इसे स्थगित कर दिया। शुक्रवार को फिर परीक्षा है। इसके लेकर भी संशय की स्थिति बनी हुई है। परीक्षा 20 जून तक चलनी है। गुरुवार को विवि प्रशासन की तरफ से कृषि कॉलेज के डीन डॉ. एसके पाहुजा के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल धरनास्थल पर आंदोलनकारी छात्रों से मिलने पहुंचा और उन्हें बातचीत करने का न्योता दिया। छात्रों ने एक सुर में कहा कि लाठीचार्ज करने वालों पर कार्रवाई नहीं होती तब तक किसी मुद्दे पर कोई बातचीत नहीं होगी। शिष्टमंडल में शामिल सदस्यों ने कहा कि आप हमारे बच्चे हैं, हम नहीं चाहते बच्चों को नुकसान हो, इसी को ध्यान में रखते हुए आज की परीक्षा पर स्थगित कर दी। इस पर छात्रों ने कहा कि एक तरफ तो आप हमें अपना बच्चा बता रहे हैं, दूसरी तरफ बच्चों को सिर फुड़वाते हैं। विद्यार्थियों ने अस्पताल में उपचाराधीन छात्रों से कुलपति द्वारा हालचाल नहीं जानने पर भी बेहद नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जिसने हमारा सिर फोड़ा वे एएसी में बैठे हैं, और हम न्याय के लिए धूप में संघर्ष कर रहे हैं। इसके बाद विद्यार्थियों ने विवि प्रशासन की बातचीत की अपील को ठुकरा दिया। दूसरी तरफ विभिन्न राजनीतिक दलों व संगठनों नेता भी धरनास्थल पर समर्थन देने पहुंचे और लाठीचार्ज को गलत बताया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा लगातार धरनास्थल पर पहुंचने के चलते यह धरना राजनीतिक रंग भी लेने लगा है।



हिसार। एचएयू के बाहर धरने पर बैठे छात्र। फोटो : हरिभूमि

### यह था पूरा मामला

स्कॉलरशिप में कटौती के विरोध में मंगलवार को हकृवि के छात्र कुलपति से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान छात्रों कुलपति कार्यालय के बाहर बैठने लगे तो वहां तैनात विवि के सिक्योरिटी गार्डस ने उन्होंने उठाना शुरू कर दिया। इसका एक वीडियो भी वारयल हुआ, जिसमें सुरक्षा कर्मी छात्रों को दौड़ा दौड़ाकर पीटते नजर आए। इस मसले को लेकर मंगलवार देर रात छात्रों और हकृवि के सुरक्षा कर्मियों के बीच फिर से झड़प हो गई। आरोप है कि विवि के सुरक्षा कर्मियों ने छात्रों पर लाठीचार्ज कर दिया। लाठीचार्ज का आरोप एचएयू के रजिस्ट्रार, चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर, प्रोफेसर व सिक्योरिटी गार्डों पर लगा है। घायल लगभग डेढ़ दर्जन छात्रों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।

# एक लाख की हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार



**यमुनानगर।** शहर की रामपुरा चौकी पुलिस ने आजाद नगर कॉलोनी से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 26.21 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी से पकड़ी गई हेरोइन की कीमत बाजार में एक लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि आरोपी पर पहले भी आठ मामले एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज है जो कोर्ट में विचाराधीन है। जानकारी के अनुसार रामपुरा पुलिस चौकी इंचार्ज सुनील कुमार ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि एक युवक आजाद नगर गली नंबर छह में नशीले पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर एएसआई मुकेश, सुरेंद्र, सुखविंद्र, विनोद और अमित की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट डीएसपी राजीव मिगलानी को बुलाया। जिसके सामने पकड़े गए युवक की तलाशी ली तो उसके पास से 26 ग्राम 21 मिलीग्राम हीरोइन बरामद हुई। जिसकी बाजार में कीमत करीब एक लाख रुपये है।

## जेसीबी व बाइक की टक्कर में पुलिस जवान की मौत

**जींद।** गांव सिंसर- हथो रोड पर जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक आईआरबी भोंडसी में ईएचसी के पद पर कार्यरत था। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर फरार जेसीबी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सिंसर निवासी रमेश 42 आईआरबी भोंडसी में ईएचसी के पद पर ड्यूटीरत था। फिलहाल वह घर छुट्टी आया हुआ था। बीती शाम रमेश गांव हथो रजबाहे से बाइक पर पानी लेकर घर की तरफ आ रहा था। गांव के निकट ही अचानक जेसीबी मशीन सड़क पर आ गई। जिसके चलते बाइक जेसीबी से जा टकराई। जिसमें रमेश गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक जेसीबी को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। गंभीर हालात में रमेश कोअस्पताल नरवाना ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## एनआईए ने हरियाणा पंजाब समेत में कई जगह छापे मारे

**सिरसा।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पंजाब और हरियाणा में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) आतंकवादी संगठन से जुड़े कई परिसरों पर छापेमारी की। पंजाब के अमृतसर जिले में एक पुलिस चौकी पर जनवरी 2025 में हुए ग्रेनेड हमले के सिलसिले में अमृतसर, तरनतारन, फिरोजपुर, पठानकोट, कपूरथला, रूपनगर जिलों और हरियाणा के सिरसा समेत कुल 15 स्थानों पर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मोबाइल/डिजिटल उपकरण व दस्तावेजों सहित कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई तथा बीकेआई के आतंकी नेटवर्क के बारे में विस्तृत सुराग के लिए इनकी जांच की जा रही है। एनआईए ने कहा, "बीकेआई भारत स्थित अपने सहयोगियों की भर्ती और प्रशिक्षण करने तथा पाकिस्तान सहित विदेश में स्थित सहयोगियों और परिचितों से आतंकी संगठन के क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को धन, हथियार और विस्फोटक उपलब्ध कराने आपराधिक साजिश में संलिप्त रहा है।

## विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** साइबर थाना पुलिस ने गत वर्ष सितंबर माह में नौकरी के लिए यूएसए भेजने के नाम पर लगभग 14.27 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। धीरज ने 6 सितंबर 2024 को साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि उसके मोबाइल फोन पर एमिली जॉनसन के नाम से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। उसे असेप्ट करने के बाद उसके नंबर पर व्हाट्सएप कॉल आई थी। बातचीत करने वाले को उसने बताया था कि वह बेरोजगार है और विदेश में वीजा पर जॉब करना चाहता है। उसे यूएसए में वीजा लगाने को कहा गया। बाद में उसी नंबर से कॉल आई कि उसका वीजा एयरपोट अथॉरिटी को भेज दिया गया है। उसे झांसे में लेकर बताया कि उसका वीजा एयरपोर्ट से छुड़वाने के लिए पेमेंट करनी होगी। उससे कई खाता नंबरों पर विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए 1426500 रुपये ट्रांसफर करा लिए। बाद में उसे साइबर ठगी का पता चला तो शिकायत दर्ज करवाई।

# बेटे ने सुपारी देकर करवाई थी पिता की हत्या, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

ठोठवाल गांव में हुई वृद्ध बीरसिंह की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। आरंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि बीरसिंह के बेटे ने ही अपने पिता की हत्या कराने के लिए पड़ोसी गांव के व्यक्ति को सुपारी दी थी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, परंतु अभी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है। बीर सिंह गत मंगलवार को बाइक लेकर घर से गांव में ही ताश खेलने के लिए गया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने रामपुरा थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। बुधवार सुबह बीरसिंह का शव उसके खेत में ही पड़ा मिला था। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों ने उसकी मौत गर्दन पर चाकू के वार से होने का खुलासा किया था। रामपुरा थाना पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी थी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीरसिंह की हत्या पुंसिका निवासी कृष्ण ने उसके बेटे से पांच लाख रुपये की सुपारी लेकर की थी। पुलिस ने कृष्ण को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि रवि उसके पिता की हत्या का सौदा करने के बाद वह बीरसिंह के बुलावे पर भी उसके ट्यूबवेल पर बिजली ठीक करने के लिए गया था। मौका पाकर उसने बीरसिंह की गर्दन पर चाकू से वार कर दिए, जिससे उसकी मौत हो गई।

### बेटे के बयान ने पैदा किया संदेह

पुलिस सूत्रों के अनुसार बीरसिंह का शव मिलने के बाद उसके बेटे रवि ने पुलिस को बताया था कि उसके पिता की किसी के साथ कोई रंजिश नहीं थी। खेतों में आवारा पशु किसानों पर हमला करते रहते हैं। ऐसे में उसके पिता को भी किसी पशु ने ही शिकार बनाया होगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चाकू से हत्या की बात सामने आने के बाद रवि के बयान ने पुलिस का शक बढ़ा दिया। थाना प्रबंधक विद्यासागर ने हत्या से जुड़ी तमाम कड़ियों को जोड़ते हुए कृष्ण को हिरासत में ले लिया। सूत्रों के अनुसार मृतक के बेटे को भी हिरासत में ले चुकी है, परंतु दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की थी।

# फिरोजपुर कैंट से हजूर साहिब के लिए चलेगी एक्सप्रेस ट्रेन

**जींद।** रेल यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। रेलवे विभाग द्वारा हजूर साहिब नांदेड़ जाने के लिए एक और ट्रेन मुहैया होगी। रेलवे ने आगामी दिनों में फिरोजपुर कैंट से हजूर साहिब नांदेड़ के बीच साप्ताहिक ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। यह ट्रेन शुक्रवार को फिरोजपुर कैंट से चलेगी और रविवार को हजूर साहिब नांदेड़ पहुंचेगी। रेलवे ने फिरोजपुर कैंट से हजूर साहिब नांदेड़ के बीच नई ट्रेन चलाने को मंजूरी दे दी है। यह ट्रेन 14622-21 फिरोजपुर कैंट हजूर साहिब नांदेड़ साप्ताहिक एक्सप्रेस वाया दिल्ली सफदरजंग, भोपाल, भुसावल, मनमाड़ के बीच चलेगी। गाड़ी संख्या 14622 फिरोजपुर कैंट हजूर साहिब नांदेड़ साप्ताहिक एक्सप्रेस प्रत्येक शुक्रवार दोपहर 13:25 को फिरोजपुर कैंट से रवाना होकर रविवार सुबह 3रू30 को हजूर साहिब नांदेड़ पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 14621 हजूर साहिब नांदेड़-फिरोजपुर कैंट एक्सप्रेस प्रत्येक रविवार सुबह 11:50 को हजूर साहिब नांदेड़ से निकल कर मंगलवार सुबह 4:30 को फिरोजपुर कैंट पहुंचेगी।

### इन स्टेशनों पर होगा रेलगाड़ी का ठहराव

14622-21 फिरोजपुर कैंट हजूर साहिब नांदेड़ साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव 28 स्टेशनों पर होगा। इनमें फरीदकोट, कोटकपुरा, बठिंडा, मानसा, जाखल, धमतान साहिब, जींद, रोहतक, बहादुरगढ़, शकूरबस्ती, दिल्ली सफदरजंग, फरीदाबाद, मथुरा, आगरा कैंट, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी, बीना, विदिशा, भोपाल, इटारसी, खंडवा, भुसावल, मनमाड़, औरंगाबाद, जालना, सेलु, परभणी, पूर्णा के बाद हजूर साहिब नांदेड़ रूकेगी। जींद जंक्शन से ट्रेन नंबर 12485-86 हजूर साहिब नांदेड़ आवागमन करती है। यह ट्रेन दोपहर दो बजकर 30 मिनट पर श्रीगंगानगर से रवाना होती है।

# स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट ने मुठभेड़ के बाद बदमाश को दबोचा

**सोनीपत में स्माल फाइनेंस बैंक के कर्मचारियों से लूटपाट का आरोप**

■ बदमाश के पैर में गोली लगी, अस्पताल में उपचाराधीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

स्माल फाइनेंस बैंक के दो कर्मियों से लूट के मामले में पुलिस ने झज्जर के गांव छोछी के संदीप को गिरफ्तार किया है। उससे पहले पुलिस ने मुख्य आरोपी के दो साथियों को दबोचा था। जिनकी गिरफ्तारी के बाद तीसरे आरोपी के मुनीरपुर-सफियाबाद रोड पर आने का पता लगा। स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट ने आरोपी को दबोचने का प्रयास किया तो उसने फायर कर दिया। बचाव में आरोपी के पैर में गोली लगी है। गांव राठधाना निवासी अमन शर्मा ने 5 जून को कुंडली थाना पुलिस को बताया था कि वह उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में काम करते हैं। वह अपने सहकर्मी पानीपत के गांव दिवाना निवासी अमन के साथ दिल्ली के गांव बांकनेर गए थे। वह स्कूटी पर थे और उनके सहकर्मी अमन अपनी बाइक पर सवार थे। उनके बैग में 60 हजार रुपये थे। जब वह गांव नाहरी से मल्हा माजरा की तरफ गए थे तो बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने उनसे पिस्तौल के बल पर नकदी, मोबाइल व कागजात लूट लिए थे। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को वीरवार शाम को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी दिल्ली के गांव दरियापुर का सन्नी और राजस्थान के भीलवाड़ा स्थित शिवपुर का सतीश है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका तीसरा साथी गांव छोछी निवासी संदीप रात को मीमारपुर-सफियाबाद रोड पर कोई वारदात करने आएगा। जिस पर स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट प्रभारी अजय धनखड़ ने अपनी टीम के साथ मार्ग पर जाल बिछा दिया।



रात करीब दस बजे पुलिस को बाइक सवार संदीप के आने का पता लगा। पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की तो उसने पुलिस पर सीधा फायर कर दिया। पुलिस टीम ने बचाव करते हुए आरोपी पर गोली चलाई तो उसके पैर में जाकर लगी। जिससे वह घायल होकर गिर गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# लापरवाही के मामले में दूसरे जेई पर गिरी गाज

■ विभाग की ओर से किया चार्जशीट उद्घाटन स्थल पर विरोधी धड़े की नेता का फोटो देखकर भड़के थे मंत्री अनिल विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बब्याल में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के मामले में दूसरे जेई पर भी गाज गिर गई। विभाग ने जेई को चार्जशीट किया है। साथ ही जवाब भी मांगा है।

निलंबित चल रहे एचकेआरएन जेई के साथ कुछ भाजपा नेता कैबिनेट मंत्री अनिल विज के निवास पर भी पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान हुई अपनी गलती को स्वीकार की। जेई को माफ करने का आग्रह किया। बता दें कि रविवार को बब्याल में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन उर्जा व श्रम मंत्री अनिल विज ने किया था।

कार्यक्रम के दौरान जिस पोडियम से वो जनता को संबोधित कर रहे थे उस पर विपक्षी नेत्री का फोटो चस्पा हुआ था जोकि आधा-अधूरा था। जब सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी मंत्री के संज्ञान में आया तो उन्होंने नियमों की अवहेलना करने के मामले में उच्चाधिकारियों को फोन पर रोष जताया। लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की बात कही।

### पानीपत में की तीन मकानों पर फायरिंग

**पानीपत।** पानीपत के न्यू मॉडल टाउन में बुधवार की रात तीन मकानों पर फायरिंग की गई। वहीं, वीरवार की सुबह थाना मॉडल टाउन पुलिस को कुलदीप ने गोली चलने की सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जब पुलिस ने एफएसएल टीम के साथ मौके पर जांच-पड़ताल करनी शुरू की, तो मौके से एक खाली खोल बरामद हुआ। पुलिस को पता लगा कि एक नहीं, बल्कि तीन जगहों पर गोलियां चली हैं। पुलिस ने मौके से तीनों बुलेट को भी बरामद किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# दर्दनाक हादसा : टेकऑफ करते ही बिल्डिंग से टकराया बोइंग 787 विमान, ईंधन से फुल भरे टैंक फटे, बना आग का गोला

## टेकऑफ के समय विमान में भरा था पूरा ईंधन, इसीलिए क्रैश होते ही बम की तरह फटा

## कई किमी दूर तक आसमान में धुएं का गुबार दिखा, आसपास की बिल्डिंगों में लगी आग

## हादसे से देश भर में शोक की लहर दुनियाभर के नेताओं ने जताया दु:ख

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अहमदाबाद के मेघाणी इलाके में गुरुवार को भीषण विमान हादसा हुआ। एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान जिसमें क्रू मेंबर सहित 242 यात्री सवार थे, अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रहा था। हादसे में कुल 265 लोग मारे गए। एक यात्री की जान बच पाई। विमान के अलावा क्रैश साइट पर कुछ लोगों की मौत हो गई। विमान एयरपोर्ट से टेकऑफ करते ही रिहायशी इलाके में बिल्डिंग से टकरा गया। हादसा इतना भयावह था कि चारों तरफ लाशें बिखर गईं। हादसे में घायल लोगों को अहमदाबाद के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि ज्यादातर ने दम तोड़ दिया। अस्पताल में स्ट्रेचर कम पड़े तो लोग हाथ ठेले से घायलों को लेकर लेकर पहुंचे। अस्पताल में चारों तरफ अफरातफरी का माहौल रहा। प्लेन हादसे के इतने भयावह होने के पीछे बड़ी वजह यह रही कि बोइंग 787 विमान की अधिकतम ईंधन क्षमता 1,00,000 किलोग्राम है। टेकऑफ (उड़ान भरने) के समय किसी भी विमान में ईंधन पूरी तरह भरा होता है। ऐसे में संभावना है कि इस विमान ने भी लंबी दूरी की जरूरत के अनुसार ईंधन भरा होगा। इसीलिए जब विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ, तो भीषण आग का एक गोला बन गया।





## 15 साल में पहली बार क्रैश हुआ बोइंग 787 विमान



*अहमदाबाद में एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इसमें 242 लोग सवार थे। विमान ने लंदन के लिए उड़ान भरी थी। क्रैश हुआ विमान एक मॉडर्न एयरक्राफ्ट है, जिसे दिसंबर 2013 में बोइंग कॉमर्शियल एयरप्लेन्स ने बनाया था। बोइंग के 787 विमान के 15 साल के इतिहास में यह पहला क्रैश है। ये मिड-साइज, ट्विन-इंजन, वाइड-बॉडी जेट है, जो लंबी दूरी की उड़ानों के लिए डिजाइन किया गया है। ये एक बार में 14,000 किमी तक उड़ सकता है।*

**बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर :** बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर एक आधुनिक, मिड-साइज, ट्विन-इंजन, वाइड-बॉडी जेट विमान है, जिसे बोइंग ने बनाया है। ये लंबी दूरी की उड़ानों के लिए डिजाइन किया गया है और पुराने बोइंग 767 को रिप्लेस करने के लिए लाया गया। ये फ्यूल-एफिशिएंट विमान है।

**विमान का इतिहास :** बोइंग ने 2003 में इसे 7ई7 प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया, जिसका नाम बाद में 5 लाख ऑनलाइन वोट्स से ड्रीमलाइनर रखा गया। पहली उड़ान 2009 में हुई, और पहला विमान 2011 में एएनए को डिलीवर हुआ। शुरुआत में कुछ देरी हुई, लेकिन अब ये दुनिया भर में पॉपुलर है। 15 साल के इतिहास में ये विमान पहली बार क्रैश हुआ है। इससे पहले लीथियम आयन बैटरियों में आग और बॉडी के जोड़ों में गैप जैसी शिकायतें आई थी।

**भारत से संबंध :** भारत में एयर इंडिया इसका इस्तेमाल करती है। 2012 में एयर इंडिया ने साउथ कैरोलिना प्लांट से पहला 787-8 लिया था। ये दिल्ली-न्यूयॉर्क, मुंबई-लंदन जैसे लंबे रूट्स पर उड़ता है।

**रेंज और यात्री क्षमता :** ये 200-250 यात्रियों को ले जा सकता है और करीब 14,000 किमी तक उड़ सकता है। यानी दिल्ली से न्यूयॉर्क या टोक्यो जैसे लंबे रूट्स आसानी से कवर कर सकता है।

**ईंधन :** बोइंग 787-8, बोइंग 767 जैसे विमानों से 20-25% कम ईंधन खर्च करता है।

**खासियत : हल्का मटेरियल:** इसका 50% हिस्सा कार्बन फाइबर जैसे कम्पोजिट मटेरियल से बना है, जो इसे हल्का और मजबूत बनाता है।

**बड़ी खिड़कियां :** ड्रीमलाइनर की खिड़कियां किसी भी कॉमर्शियल विमान में सबसे बड़ी हैं (27x47 सेमी)

कम्फर्ट: केबिन का प्रेशर 1,900 मीटर की ऊंचाई जैसा रखा जाता है, जिससे ऑक्सीजन 8% ज्यादा रहती है और थकान कम होती है।

**एलईडी लाइटिंग:** केबिन में रंग बदलने वाली लाइट्स हैं, जो टाइम जोन बदलने का असर कम करती हैं।

बड़े बिन्स: ओवरहेड बिन्स में हर यात्री का रोल-अबोर्ड बैग आसानी से आ जाता है।

**यात्री सुविधाएं : सीटिंग:** एयरलाइंस के हिसाब से अलग-अलग लेआउट हैं। जैसे एएनए में 32 बिजनेस, 14 प्रीमियम इकोनॉमी, और 138 इकोनॉमी सीटें। कतर एयरवेज़ में 3-3-3 इकोनॉमी लेआउट है।

**एंटरटेनमेंट:** पर्सनल टीवी, यूएसपी चार्जिंग पोर्ट्स, और पावर आउटलेट्स।


**शोर में कमी:** केबिन पुराने विमानों से ज्यादा शांत है।

**कम्फर्ट:** सीटें आरामदायक हैं, और सस्पेंशन सिस्टम हर तरह के रास्ते पर अच्छा अनुभव देता है।

**पर्यावरण पर असर :** ये 20-25% कम ईंधन खर्च करता है और 50% कम कार्बन डाईआक्साइड उत्सर्जन करता है। इसके इंजन 60% कम शोर करते हैं, जिससे हवाई अड्डों के आसपास कम परेशानी होती है। इसका प्रोडक्शन साउथ कैरोलिना के नेट-जीरो उत्सर्जन प्लांट में होता है।

## कई किमी तक बिखरा मलबा, बचाव अभियान में जुटा प्रशासन







## मेडिकल कॉलेज परिसर में बिखरा विमान का मलबा



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद हवाई अड्डे से बृहस्पतिवार दोपहर उड़ान भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के 'बोइंग 787 ड्रीमलाइनर' विमान (एआई171) का मलबा बीजे मेडिकल कॉलेज परिसर में चिकित्सकों के छात्रावास व आवासीय क्वार्टरों के आसपास बिखरा हुआ है। विमान का एक हिस्सा पांच मंजिला इमारत से बाहर निकला हुआ था। चश्मदीद हरेश शाह ने बताया, "विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले बहुत तेजी से नीचे आ रहा था।" उन्होंने कहा, "इमारत से टकराने पर धमाके जैसी आवाज आई और विमान व इमारत में आग लग गई।" घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचने वाले स्थानीय निवासियों ने यात्रियों के साथ-साथ इमारत में मौजूद लोगों को बचाने की कोशिश की।

### गृहमंत्री अमित शाह पहुंचे अहमदाबाद

लंदन जा रहे एअर इंडिया के विमान के बृहस्पतिवार दोपहर उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह स्थिति का जायजा लेने के लिए अहमदाबाद पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि विमान में चालक दल के सदस्यों सहित 242 लोग सवार थे और यह रिहायशी इलाके में गिरा। उन्होंने बताया कि शाह बचाव प्रयासों पर चर्चा करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इससे पहले, केंद्रीय गृह मंत्री ने स्थिति का आकलन करने के लिए पटेल, गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी और अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त से बात की थी।



### तीन दिन पहले लुधियाना से लौटे थे रूपाणी, उपचुनाव में किया था प्रचार



एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश में पंजाब भाजपा के प्रभारी एवं गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का निधन हो गया। वह 3 साल से पंजाब और चंडीगढ़ भाजपा के प्रभारी थे। उन्होंने 3 दिन पहले लुधियाना में वेस्ट हलका के उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार जीवन गुप्ता के लिए प्रचार किया था। इससे पहले 3 जून को पार्टी उम्मीदवार जीवन गुप्ता का नामांकन भरवाया था। वह 9 जून को लुधियाना से गुजरात के लिए रवाना हुए थे। भाजपा के नेता उन्हें एयरपोर्ट तक छोड़ने आए थे। प्रचार के दौरान विजय रूपाणी ने कहा था कि सभी के कैंडिडेट दागदार हैं, जबकि हमारे उम्मीदवार पर एक भी दाग नहीं है। वेस्ट विधानसभा सीट भाजपा का गढ़ है। उन्होंने कहा था कि 2022 में किसान आंदोलन के बावजूद भाजपा को 29 हजार वोट मिले थे, जबकि 2024 के लोकसभा चुनाव में 47 हजार वोट मिले थे।

## देश-दुनिया के सांत्वना संदेश

### संवेदना व्यक्त करता हूं



अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक के कलबुर्गी में कहा कि मैं दिवंगत लोगों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि और संवेदना व्यक्त करता हूं। सरकार को तुरंत उन लोगों के परिवारों की मदद करनी चाहिए, जो मारे गए हैं।

### परिजनों के साथ हैं



सोनिया गांधी ने कहा, दर्दनाक विमान हादसे से मैं बेहद स्तब्ध और व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं यात्रियों और चालक दल के परिजनों के साथ हैं।

### हादसे से स्तब्ध हैं



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "कांग्रेस एआई-171 विमान के अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद हादसे का शिकार होने से स्तब्ध है।

### बेहद दुखद घटना



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "अहमदाबाद में विमान दुर्घटना के बारे में सुनकर व्यथित हूं। विमान में सवार सभी लोगों के परिवारों और दोस्तों के लिए मेरी प्रार्थनाएं।" केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया।

### स्तब्ध और व्यथित हूं



सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उनकी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं विमान में सवार सभी लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, "अहमदाबाद, गुजरात में विमान दुर्घटना के बारे में जानकर मैं स्तब्ध और व्यथित हूं।

### संतप्त परिवारों के साथ खड़े



कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अहमदाबाद में हुए भीषण विमान दुर्घटना की खबर ने दिल को झकझोर दिया है और मन को दुख से भर दिया है। उन्होंने कहा, "दुख की इस घड़ी में पूरा देश शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ा है।"

### कठिन घड़ी में हम साथ हैं



हादसे पर रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने शोक जताया। पुतिन ने अपने संदेश में कहा कि रूस इस कठिन घड़ी में भारत के साथ खड़ा है और हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है।

### हमारी संवेदनाएं साथ हैं



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश पर संवेदनाएं जताई हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, भारत में यात्री विमान के क्रैश की भयावह ख़बर।

### गहरा दुख व्यक्त करते हैं



मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भी इस दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, है।मैं अहमदाबाद के निकट एयर इंडिया विमान की दुखद दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त करता हूं। इस कठिन समय में, मालदीव की सरकार और लोग भारत सरकार और लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं।

## हंसते खेलते परिवारों को लील गया विमान हादसा



विमान हादसे में मणिपुर की दो बेटियों ने भी अपनी जान गंवा दी। मणिपुर के लामनुनथेम सिंगसन मणिपुर के कुकी समुदाय से आती थीं। वहीं नगनथोई शर्मा कोंगब्राईलटपम मैतेई समुदाय से थीं।



बख्शी परिवार की ये दोनों बेटियां अपनी नानी का बर्थडे सेलिब्रेट करने अहमदाबाद आई थीं। गुरुवार को लंदन लौट रही थीं और प्लेन हादसे का शिकार हो गईं।



सकीनाबेन डेढ़ साल की बेटी के साथ देवर की शादी में शामिल होने 16 मई को वडोदरा आई थीं। एयर इंडिया की फ्लाइट से लंदन लौट रही थीं।



पिता के साथ बेटी की आखिरी फोटो। पिता लंदन में पढ़ाई कर रही बेटी को प्लेन में बिठाकर लौटे ही थे कि कुछ देर बाद प्लेन क्रैश हो गया।



गांधीनगर में रहने वाले कुबेरभाई खेमचंदभाई पटेल पत्नी बबीबेन के साथ लंदन जा रहे थे। दोनों लंदन में रहने वाले बेटे के घर जा रहे थे।

## चिंतन

# यात्री विमान हादसा दुखद सभी बिंदुओं की हो जांच

अहमदाबाद में एयर इंडिया का प्लेन क्रैश अत्यंत दुखद हादसा है। इस हृदय विदारक हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का भी निधन हो गया। भारत के एविएशन इतिहास में भारतीय विमानन संचालन प्रक्रिया काफी सुरक्षित है और विमान सुरक्षा के सभी मानदंडों का कड़ाई से पालन होता है, इसके बावजूद एयर इंडिया की इंटरनेशनल उड़ान का दुर्घटनाग्रस्त हो जाना तकनीकी स्तर पर चिंता पैदा करता है। आधुनिक समय में विमान इंजीनियरिंग से लेकर सॉफ्टवेयर तक सभी आधुनिक और अपडेटेड हैं, टेक ऑफ से पहले सभी सुरक्षा जांच होती है, इसके बाद भी ऐसे हादसे सिस्टम की चूक के बिना संभव नहीं हैं। विमान हादसे में तीन प्रमुख कारण होते हैं, मानवीय चूक, तकनीकी खराबी और अप्रत्याशित बाहरी कारण। एयर इंडिया का यह लंदन जा रहा विमान जिस तरह से उड़ान भरने के तीन मिनट के भीतर आग के गोले में तब्दील होकर क्रैश हो गया, उससे तकनीकी खराबी की आशंका अधिक है। ब्लैक बॉक्स मिलने व जांच के बाद असली वजह का पता चलेगा। इस हादसे की वजह से एयर इंडिया व विमान निर्माता कंपनी बोइंग दोनों की साख पर आंच आई है। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के अनुसार, एआई-171 ने दोपहर 1 बजकर 39 मिनट पर अहमदाबाद एयरपोर्ट के रनवे 23 से उड़ान भरी थी। करीब 15 किमी उड़ने के बाद विमान क्रैश कर गया। यह विमान क्रैश होने के बाद जिस अस्पताल के हॉस्टल पर गिरा, उसके लिए भी जानलेवा बन गया। अमेरिकी विमानन कंपनी बोइंग का ड्रीमलाइनर विमान काफी अपडेटेड व सुरक्षित माना जाता है, इसके बाद भी इसका क्रैश होना कंपनी की तकनीकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। बोइंग के कई विमान इससे पहले भी क्रैश हुए हैं, हालांकि कंपनी का कहना है कि बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान पहली बार क्रैश हुआ है। वर्ष 2018, 2019 और इस विमान को अपडेट करने के बाद 2024 में भी यह विमान क्रैश हुआ था, जिसमें 500 लोगों से अधिक की जान चली गई थी। भारत में इससे पहले वर्ष 2020 में 7 अगस्त को कोझिकोड (कालीकट) में दुबई से आ रहा विमान कालीकट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2010 में 22 मई को विमान मैंगलोर में रनवे से फिसल गया, जिसमें 158 लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2000 में 17 जुलाई को एलायंस एयर की उड़ान पटना में उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसमें 60 से अधिक लोग मारे गए थे। वर्ष 1996 में 12 नवंबर को हरियाणा के चरखी दादरी में सऊदी अरब एयरलाइंस बोइंग 747 और कजाकिस्तान एयरलाइंस इल्यूशिन आईएल-76 विमान दिल्ली के पास टकरा गए, जिससे दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोग मारे गए थे। वर्ष 1993 में 26 अप्रैल को औरंगाबाद में विमान हादसे में 55 लोग मारे गए थे। वर्ष 1991 में 16 अगस्त को इंफाल में हवाई दुर्घटना हुई, सभी 69 लोग मारे गए। वर्ष 1990 में 14 फरवरी को बेंगलुरु हवाई दुर्घटना में 92 लोग मारे गए थे। वर्ष 1988 में 19 अक्टूबर को अहमदाबाद प्लेन दुर्घटना में 133 लोग मारे गए थे। मुंबई में वर्ष 1982 में 21 जून को प्लेन क्रैश में 17 लोग और वर्ष 1978 की 1 जनवरी को 213 लोग मारे गए थे। नागर विमानन विभाग को गहराई से इस हादसे की जांच करनी चाहिए। विमानन कंपनी बोइंग के अंदर भी विमान निर्माण के दौरान कई खामियों को पूर्व में कंपनी के कई पूर्व कर्मचारियों व व्हिसिल ब्लोअरों ने उजागर किया है, इसलिए जांच में इस पक्ष को भी शामिल किया जाना चाहिए।



सियासत
राज कुमार सिंह

# जाति जनगणना पर टिकी राजनीति

> भारत जैसे विशाल देश में जनगणना की प्रक्रिया पूरी होने और अंतिम आंकड़े आने में लंबा समय लग सकता है। ऐसे में इस साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव ही नहीं, अगले साल होने वाले असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल एवं पुडुचेरी विधानसभा चुनाव भी जाति जनगणना के शोर और उसके श्रेय के दावों-प्रतिदावों के बीच ही निपट जायेंगे। अगर जनगणना के बीच भी सूत्रों के हवाले से आंकड़े बताकर चुनाव को प्रभावित करने की आशंका है, तो समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि अंतिम आंकड़े, उनके आधार पर परिसीमन तथा उसके बाद महिला आरक्षण तो चुनावी राजनीति की तस्वीर ही बदल सकता है।

नरेंद्र मोदी सरकार ने जाति जनगणना प्रक्रिया की औपचारिक घोषणा कर दी है। घोषित कार्यक्रम से स्पष्ट है कि प्रक्रिया लंबी चलेगी और भावी राजनीति पर दूरगामी असर डालेगी। घोषणा के मुताबिक अप्रैल से सितंबर, 2026 तक घरों को सूचीबद्ध किया जाएगा। उसके बाद लोगों की गिनती होगी। दरअसल जाति जनगणना दो चरणों में होगी। एक अक्तूबर, 2026 से पहले चरण में पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल और उत्तराखंड में जनगणना होगी। दूसरे चरण में एक मार्च, 2027 से शेष सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जनगणना होगी। जाहिर है, भारत जैसे विशाल देश में जनगणना की प्रक्रिया पूरी होने और अंतिम आंकड़े आने में लंबा समय लग सकता है। ऐसे में इस साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव ही नहीं, अगले साल होने वाले असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल एवं पुडुचेरी तथा 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर, गुजरात और गोवा विधानसभा चुनाव भी जाति जनगणना के शोर और उसके श्रेय के दावों-प्रतिदावों के बीच ही निपट जायेंगे। बेशक इससे बचने का कोई विकल्प नहीं है। हमारे राजनीतिक दल तो वैसे भी हर मुद्दे को चुनाव में भुनाने में माहिर हैं। नियमानुसार यह जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना आ गया।

कोरोना के बीच ही सावधानियों के साथ कई राज्यों में चुनाव तो कराये गये, लेकिन जनगणना नहीं। पांच साल विलंब से लंबित जनगणना में अब जातियों की गणना भी की जाएगी। हमारे देश में जाति जनगणना भले ही आजादी के बाद पहली बार हो रही हो, पर उस पर राजनीति पुरानी है। कांग्रेस और भाजपा, दोनों की छवि अतीत में जाति जनगणना विरोधी की रही है, लेकिन अब वे ही उसका श्रेय लेना चाहती हैं। सरकार, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जाति जनगणना को देश और समाज की विकास योजनाओं के लिए उपयोगिता से जोड़ कर पेश कर रहे हैं, लेकिन राहुल गांधी कह रहे हैं कि यह तो पहला कदम है, हमें आगे जाकर पता करना है कि उच्च पदों में किसकी कितनी हिस्सेदारी है। सामाजिक न्याय के नाम पर राजनीति करने वाले लालू यादव, नीतीश कुमार और अखिलेश यादव में भी श्रेय की होड़ शुरू हो गयी है। समझ पाना मुश्किल नहीं कि सारा खेल सत्ता-राजनीति का है। जनगणना केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र का विषय होते हुए भी बिहार, कर्नाटक और तेलंगाना राज्य सरकारों ने जाति सर्वे का दांव चला। इसीलिए जाति जनगणना कराने के मोदी सरकार के फैसले में भी राजनीतिक दबाव की भूमिका मानी जा रही है। अंग्रेजों के शासनकाल में 1881 में पहली बार भारत में जाति जनगणना हुई थी और 1931 तक हर दस साल बाद होती रही। जाति जनगणना कराई तो 1941 में भी गई, पर उसके आंकड़े जारी नहीं किये गये। आजादी के बाद भारत सरकार ने सामाजिक विभाजन बढ़ने की आशंका के मद्देनजर जाति जनगणना न कराने का फैसला किया। हां, जनगणना में एससी-एसटी वर्ग के आंकड़े दर्ज किये जाते रहे। कांग्रेसनीत संप्रग शासनकाल में 2011 की जनगणना में सामाजिक-आर्थिक स्थिति और जाति के आंकड़े तो जुटाये गये, लेकिन जारी नहीं किये गये। जनगणना के इंतजार में चुनाव क्षेत्रों का परिसीमन भी रुका हुआ है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के



लिए आरक्षण भी परिसीमन के बाद ही लागू होगा। इसलिए जाति जनगणना और उसके आधार पर होने वाला चुनाव क्षेत्रों का परिसीमन तथा महिलाओं के लिए आरक्षण भारत की चुनावी राजनीति पर दूरगामी असर डालने जा रहा है, जिसका अभी आकलन कर पाना भी बेहद मुश्किल है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए यह आदर्श स्थिति तो हरगिज नहीं है, पर इस सच से मुंह नहीं चुराया जा सकता कि धर्म और जाति महत्वपूर्ण चुनावी कारक बन गये हैं। शायद इसलिए भी, जाति जनगणना के विरोधी समझे जाते रहे राजनीतिक दलों में भी अब उसकी होड़ नजर आती है।

जाति जनगणना की घोषणा के बाद उसकी पहली चुनावी परीक्षा इसी साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में होगी। सबसे पहले जाति सर्वे वाला बिहार ही बताएगा कि यह मोदी सरकार का 'मास्टर स्ट्रोक' साबित होता है या विपक्ष के दबाव में लिया गया फैसला। 1990 में भारतीय राजनीति के मंडल-कमंडल के बीच ध्रुवीकरण के बाद भाजपा की हिंदुत्ववादी राजनीति का जादू सिर चढ़ कर बोला है, लेकिन उत्तर प्रदेश, बिहार जैसे राज्यों में ओबीसी नेताओं से उसे कड़ी चुनौती मिली है। ये सभी डॉ. राममनोहर लोहिया और चौधरी चरण सिंह की समाजवादी-लोकदली राजनीति से निकले हैं। लोहिया ने ही सबसे पहले नारा दिया था 'संसोपा ने बांधी गांठ, पिछड़े पावें सौ में साठ'। बाद में बसपा संस्थापक कांशीराम ने भी नारा दिया 'जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी'। मंडल आयोग का गठन 1979 में गैर कांग्रेसी यानि जनता पार्टी सरकार ने किया था, तो 52 प्रतिशत ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की उसकी सिफारिशों को लागू करने का फैसला भी 1990 में गैर कांग्रेसी यानि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार ने ही किया। वीपी सिंह सरकार द्वारा आनन-फानन में मंडल आयोग की सिफारिशें लागू करते समय कांग्रेस और भाजपा विरोध में थीं, लेकिन 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से भाजपा का राजनीतिक चरित्र तेजी से बदलता गया। उच्च वर्गों की पार्टी कही जाने वाली भाजपा को पिछले तीन लोकसभा चुनावों, और ज्यादातर विधानसभा चुनावों में भी, अन्य दलों से ज्यादा ओबीसी वोट मिले तो दलित वर्ग में भी उसकी पैठ बढ़ी। भाजपा में इन वर्गों का प्रतिनिधित्व भी बढ़ा है। मंडल-कमंडल ध्रुवीकरण से पहले ये वर्ग कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक थे। कांग्रेस भी समझ गयी है कि पिछड़े और दलित वर्गों का समर्थन वापस पाये बिना सत्ता में वापसी संभव नहीं। जब बिहार में जाति सर्वे कराया गया, तब नीतीश राजद- जदयू-कांग्रेस महागठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री थे, पर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का सूत्रधार होने के बावजूद संयोजक तक न बनाये जाने पर खफा होकर वापस भाजपा के पाले में चले गये। इसलिए वहां जाति जनगणना का श्रेय महागठबंधन और राजग, दोनों लेना चाहेंगे। बेशक, बिहार समेत अन्य राज्यों में भी अंतिम फैसला मतदाता ही करेंगे। अगर जनगणना के बीच भी सूत्रों के हवाले से आंकड़े बताकर चुनाव को प्रभावित करने की आशंका है, तो समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि अंतिम आंकड़े, उनके आधार पर परिसीमन तथा उसके बाद महिला आरक्षण तो चुनावी राजनीति की तस्वीर ही बदल सकता है। अभी तक जनसंख्या के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या तय होती रही है। इसीलिए दक्षिण भारतीय राज्यों को आशंका है कि जनसंख्या नियंत्रण बेहतर ढंग से लागू करने का अब उन्हें राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है, क्योंकि अधिक जनसंख्या वृद्धि वाले उत्तर भारतीय राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ जाएगी। इसी आशंका से तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन दक्षिण भारतीय राजनीतिक गोलबंदी में भी जुट गये हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## आत्मनिर्भर राष्ट्र
भूपेन्द्र भारतीय



# सुनिश्चित होता दिख रहा विकसित भारत का स्वप्न

पिछले 11 वर्षों में आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में भारत को विकसित होते देखना उत्साहवर्धक है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल प्रशासन और उनके दृढ़ संकल्पों से ही संभव हो पाया है। कहते हैं कि परिवर्तन एक क्रमिक नियम है और अगर हम इस परिवर्तन के पथ पर बढ़ेंगे तो अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी का यह मानना है कि देश के युवा अगर अपनी क्षमताओं और कर्तव्यों का निर्वहन करना आरम्भ करें तो देश एक विकसित राष्ट्र के रूप में तीव्र गति से उभर सकता है। सबसे बड़ी बात यह कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने भारत की 140 करोड़ जनसंख्या में यह विश्वास पैदा करने में सफलता पाई कि समाज को भी देश के प्रति कुछ त्याग करना आवश्यक है तथा देश को आगे बढ़ने के लिए हमें कुछ कड़वे तथा कठोर नियम कानूनों को मानना पड़ेगा। तब कहीं कोई भी सरकार सामाजिक, आर्थिक न्याय पूर्णतः कर सकती है। मोदी सरकार ने डिजिटल पहलों, तकनीकी प्रगति, सामाजिक कल्याण योजनाओं, वित्तीय समावेशन, स्वच्छ ईंधन, स्वच्छ वातावरण, रक्षा क्षमता और सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं के प्रोत्साहन पर महत्व दिया है। प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत जैसी कई योजनाएं सामाजिक असमानताओं को कम करने और गरीबी रेखा से ऊपर उठने के लक्ष्य के साथ आरंभ की गई हैं। मनमोहन सिंह सरकार ने भी 'राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' और 'सर्व शिक्षा अभियान' जैसी योजनाओं के माध्यम से सामाजिक विकास को बढ़ावा दिया था। इन तथ्यों से निष्कर्ष यही निकलता है कि कुछ पैमानों पर मोदी सरकार तो कुछ पर मनमोहन सरकार बेहतर दिखाई पड़ती हैं। लेकिन फ़िर भी अंतिम वाक्य के रूप में यह कहा जा सकता है कि मोदी सरकार यूपीए की तुलना में अधिक बेहतर नज़र आती है। इसने दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत को धरातल पर वास्तव में उतारा। विकास को राष्ट्र के अंतिम व्यक्ति के लिए सुनिश्चित किया। भ्रष्टाचार पर बड़े स्तर पर अंकुश लगाकर विकसित भारत की नींव रख दी है। विगत दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से देश के युवाओं का आह्वान किया कि करीब एक हजार युवा गैर राजनीतिक परिवारों से राजनीति में आयें और देश की राजनीतिक व्यवस्था में भागीदार बनें। इसलिए पिछले दिनों प्रधान सेवक ने देश को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के लिए देश में एक 'विकसित भारत 2047' के माध्यम से योजनाओं एवं उसके क्रियान्वयन के लिए युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की पहल की है। इसका उद्देश्य युवाओं को एक मंच प्रदान करना है जहां युवा अपनी क्षमताओं और कौशल के माध्यम से भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकें। विकसित भारत, एक दूरदर्शी अवधारणा का प्रतिनिधित्व करता है जो विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र के व्यापक परिवर्तन की कल्पना करता है। इस दृष्टिकोण में आर्थिक समृद्धि, सामाजिक समावेशिता, तकनीकी उन्नति, पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक समानता-न्याय और वैश्विक नेतृत्व शामिल हैं। 33 करोड़ जनधन बैंक खाते खोल कर सरकारी योजनाओं में होने वाले भ्रष्टाचार को रोकने का काम किया है "लाभ सीधे लाभार्थी के खाते में" क्या इसमें दलित, वांचित, अनुसूचित जाति जनजाति नहीं है ? प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लगभग 3 करोड़ ग़रीबों को पक्के घर बना कर दे दिए गए हैं। गांवों में बैंक खाते ना होने के कारण नरेगा में कितना भ्रष्टाचार होता था क्या किसी से छुपा है। वास्तव में यही सच्चा सामाजिक व आर्थिक न्याय है जो विकसित भारत की सुदृढ नींव रखता है। नरेन्द्र मोदी सरकार के सामाजिक, आर्थिक न्याय से सुनिश्चित होता विकसित भारत का स्वप्न निरंतर साकार हो रहा है और विश्व के अनेक शक्तिशाली देश इसकी सराहना कर रहे हैं। भारतीय नागरिकों को सामाजिक के साथ आर्थिक न्याय प्रदान करना मोदी सरकार का ऐतिहासिक कार्य है। इस कारण ही देश की जनता ने 2024 में तीसरी बार पुनः मोदी सरकार को ही चुना व विकसित राष्ट्र के लिए देश का नेतृत्व पुनः नरेंद्र मोदी के हाथों में दिया। यह सरकार विकसित भारत 2047 के कार्य में भी जोर-शोर से लग गई है। विकसित भारत का स्वप्न कोरी कल्पना नहीं है, मोदी सरकार के निर्णयों में इस स्वप्न को धरातल पर उतारने के सारे लक्षण दिख रहे हैं। आज भारत रक्षा, अंतरिक्ष, वित्तीय, सामरिक मामलों, राष्ट्र सुरक्षा, दुश्मनों को उनके घर में घुसकर जवाब देना, शिक्षा, स्वरोजगार आदि मामलों में किसी पर निर्भर नहीं है। यही से नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा विकसित भारत के लिए किये जा रहे कार्यों व निर्णयों को आसानी से देखा जा सकता है।

(लेखक अधिवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित
दर्शन

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है। इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।

# मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित
प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रिश्तों की लाशों पर खड़ा आधुनिक प्रेम

इंदौर के राजा और सोनम के हनीमून पर हुई हत्या की घटना न केवल व्यक्तिगत त्रासदी है, बल्कि सामाजिक, नैतिक और मानसिक स्तर पर गहरी चिंता पैदा करती है। यह अपराध आधुनिक प्रेम और विवाह संबंधों में फैलते अविश्वास और स्वार्थ की भयावह तस्वीर पेश करता है। साथ ही, मेघालय जैसे पर्यटन स्थलों की छवि भी प्रभावित होती है। ऐसी घटनाएं भावनात्मक शिक्षा, रिश्तों में पारदर्शिता और समाज के नैतिक मूल्यों की पुनर्समीक्षा की मांग करती हैं। भारत के सामाजिक परिदृश्य में प्रेम, विवाह और रिश्तों को पवित्र बंधन माना जाता रहा है, लेकिन जब हनीमून ही हत्या का मंच बन जाए, तो यह सिर्फ एक अपराध नहीं होता, यह पूरे समाज की अंतरात्मा पर चोट करता है। *– संजय यादव, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# रूस में नवलनी के सहयोगी को 18 साल जेल की सजा



रूस में असहमति रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई के बीच अदालतों ने एक विपक्षी नेता को उसकी अनुपस्थिति में दोषी ठहराया जबकि एक अन्य नेता को नजरबंद करने का आदेश दिया है। रूस के विपक्षी नेता दिवंगत एलेक्सी नवलनी के करीबी सहयोगी लियोनिद वोल्कोव को बुधवार को आपराधिक आरोपों में दोषी पाए जाने के बाद 18 साल जेल की सजा सुनाई गई। रूसी समाचार एजेंसियों के अनुसार, मॉस्को की एक अदालत ने वोल्कोव को 40 मामलों में दोषी ठहराया, जिनमें आतंकवाद को उचित ठहराना, एक चरमपंथी समूह को संगठित करना और उसकी वित्तीय मदद करना, नाजीवाद का समर्थन और नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन करने वाला एक गैर-सरकारी संगठन बनाना शामिल है। वोल्कोव पर 20 लाख रूबल (लगभग 25,000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी लगाया गया तथा 10 वर्ष के लिए इंटरनेट के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया। नवलनी के क्षेत्रीय कार्यालयों और चुनाव अभियानों के प्रभारी रहे वोल्कोव अधिकारियों के दबाव के कारण कई साल पहले रूस छोड़कर चले गए थे। उन्होंने 2021 से 2023 के बीच नवलनी के भ्रष्टाचार विरोधी फाउंडेशन का नेतृत्व किया।

## ऑफ बीट

# कैंसर के जोखिम का कारण वह नहीं जो आप सोचते हैं



अगर आप लोगों से पूछें कि कैंसर किस वजह से होता है, तो शायद अधिकतर अपने जवाब में धूम्रपान, शराब पीने, सूरज की किरणों और बालों को रंगने वाली डाई जैसी चीजों को गिनाएंगे। लेकिन कैंसर के लिए सबसे प्रमुख जोखिम वाला कारक कुछ और है और वह है उम्र बढ़ना या बुढ़ापा आना (एजिंग)। यह बात सही है, कैंसर से जुड़ा सबसे बड़ा कारक अपरिहार्य है और यह एक ऐसी स्थिति है जिसका हम सभी अनुभव करेंगे। यह क्यों महत्वपूर्ण है? कनाडा और दुनिया भर में सबसे तेजी से बढ़ती आबादी वृद्ध लोगों की है। 2068 तक, लगभग 29 प्रतिशत कनाडाई 65 वर्ष से अधिक आयु के होंगे। वृद्ध लोगों में कैंसर सबसे आम बीमारियों और कनाडा में सबसे आम बीमारियों में से एक है, इसका मतलब है कि हमें वृद्ध लोगों के लिए सबसे अच्छी कैंसर देखभाल प्रदान करने के बारे में सोचना होगा। जनसांख्यिकीय बदलाव : तो अब तक हम किस तरह काम कर रहे हैं? जवाब है : बहुत अच्छा नहीं। यह आश्चर्यजनक हो सकता है, लेकिन हमारे पास कैंसर देखभाल में इस जनसांख्यिकीय बदलाव के लिए कुछ नया करने और तैयारी करने का एक शानदार अवसर भी है।

## ट्रेंड

### डिजिटल अर्थव्यवस्था



मोदी सरकार ने प्रौद्योगिकी के उपयोग को लोकतांत्रिक बनाया और व्यापार क्षेत्र के लिए इसकी शक्ति का दोहन किया, जिससे भारत पिछले 11 सालों में दुनिया में एक अग्रणी डिजिटल अर्थव्यवस्था बन गया।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### हमला दुर्भाग्यपूर्ण



बांग्लादेश में स्थित गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के पैतृक आवास पर हुआ हमला अत्यंत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। यह हमला भारत और बांग्लादेश दोनों देशों के राष्ट्रगान रचने वाले, नोबेल पुरस्कार से सम्मानित गुरुदेव रवीन्द्रनाथ जी के विचारों को कुचलने का प्रयास है।
-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

### इस्तीफा देने की मांग



1950 के दशक में जब रेल पटरी से उतर गई थी, तब लाल बहादुर शास्त्री ने इस्तीफा दे दिया था। उसी नैतिकता के आधार पर मैं प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और नागरिक उड्डयन मंत्री नायडू से इस्तीफा देने की मांग करता हूं ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच हो सके।
-सुब्रमण्यम स्वामी, पूर्व केंद्रीय मंत्री

### जांच में रखें ध्यान



खालिस्तानी गुरूपतवंत सिंह पन्नू ने एयर इंडिया विमान में विस्फोट की धमकी दी थी, ये वही पन्नू है जिसे अमेरिका ने अपने यहाँ संरक्षण दे रखा है। जांच को इसे ध्यान में रखकर किया जाए।
-आईपी सिंह, पूर्व राज्य मंत्री, उप्र

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# अभ्यास मैच : मौजूदा फॉर्म और गेंदबाजी संयोजन पर होगी भारतीय टीम प्रबंधन की नजर




एजेंसी ▶▶| बेकेनहैम

इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला से पहले भारत की सीनियर टीम और भारत ए के बीच शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले चार दिवसीय अभ्यास क्रिकेट मैच में टीम प्रबंधन सही संयोजन तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस मैच में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर निगाह रहेगी और भारतीय टेस्ट टीम की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए इन दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना है। यह मैच 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले सीनियर टीम का एकमात्र अभ्यास मैच होगा। किसी भी श्रृंखला से पहले इस तरह के मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं।






### खाली स्टेडियम में अभ्यास

मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टीम ने यह मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना है ताकि विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके। यूरोपीय फुटबॉल क्लब लंबे समय से ऐसा करते रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में भी ऐसा किया था।

### गेंदबाजों का होगा आकलन

इस चार दिवसीय मैच को आधिकारिक तौर पर प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है। इसमें यदि कोई बल्लेबाज सस्ते में आउट हो जाता है तो उसे दूसरा मौका मिलता है। इस मैच से भारतीय टीम प्रबंधन को मैच की परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों विशेष कर गेंदबाजों का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि गेंदबाज़ चाहे वह स्पिनर हो या तेज़ गेंदबाज वास्तविक मैच में अपेक्षित लय में हों।

### टेस्ट श्रृंखला को बनाएं यादगार

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम से अपने 'कम्फर्ट जोन' से बाहर निकलने और संन्यास ले चुके स्टार खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा तथा आर अश्विन की अनुपस्थिति में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला को 'यादगार' बनाने को कहा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में अपनी पहली श्रृंखला जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीम के बीच पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला 20 जून को लीड्स में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी।

### हम भारत की चुनौती के लिए तैयार

लंदन। इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि भारत पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए अच्छी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ यहां आया होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि एक टेस्ट टीम के रूप में हम कहां पहुंचना चाहते हैं। मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा, 'वह शानदार क्रिकेट खेलने वाला देश है, जो बड़ी उम्मीदों के साथ यहां आया होगा और हम उनकी चुनौती के लिए तैयार हैं।'

## खबर संक्षेप




### पहली रग्बी प्रीमियर लीग 15 से मुंबई में

**नई दिल्ली।** पहली रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा जिसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इस लीग के आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जीएमआर स्पोर्ट्स के सीईओ और इस प्रतियोगिता के प्रमोटर सत्यम त्रिवेदी ने बताया कि इस लीग का आयोजन 15 से 29 जून तक मुंबई के अंधेरी स्थित मुंबई फुटबॉल एरेना में किया जाएगा। भारत में पहली बार आयोजित की जा रही इस लीग में छह फ्रेंचाइजी दिल्ली रेड्ज, हैदराबाद हीरोज, कलिंगा ब्लैक टाइगर्स, चेन्नई बुल्स, मुंबई ड्रीमर्स और बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स भाग लेंगी।

### चोटिल शुचि की जगह राधा को मिली जगह

**मुंबई।** बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव को 28 जून से शुरू होने वाले पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए गुरुवार को चोटिल शुचि उपाध्याय की जगह भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया।



बीसीसीआई ने कहा, 'महिला चयन समिति ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम शुचि उपाध्याय की जगह राधा यादव को शामिल किया है। शुचि को बायीं पिंडली में चोट लगने के कारण दौरे से बाहर होना पड़ा। इस चोट का पता बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में दौरा पूर्व शिविर के दौरान चला।'

### हॉकीः गोल खारिज होने से अर्जेंटीना से हारा भारत

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड)।** भारत का आखिरी मिनटों में पेनल्टी पर किया गया गोल नाटकीय परिस्थितियों में खारिज कर दिया गया और फिर जुगराज सिंह गोल करने में विफल रहे जिससे टीम को एफआईएच प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण में बृहस्पतिवार को अर्जेंटीना से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम की इस दौरे पर यह चार मैचों में चौथी हार है। ड्रैग फ्लिकर जुगराज ने चौथे मिनट में ही मैच के पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई लेकिन टॉमस डोमेने (नौवें और 49वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से दो गोल करके अर्जेंटीना को जीत दिला दी।

### ऑस्ट्रेलिया के आठ विकेट पर 144 रन, कुल बढ़त 218 रन हुई

**लंदन।** कप्तान कैट कमिंस के छह विकेट की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को 138 रन पर ढेर करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को यहां दूसरी पारी में आठ विकेट पर 144 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 218 रन तक पहुंचाई। कमिंस (28 रन पर छह विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम 57.1 ओवर में सिर्फ 138 रन पर सिमट गई जिससे पहली पारी में 212 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया को 74 रन की बढ़त मिली। मिचेल स्टार्क ने भी 41 रन देकर दो विकेट चटकाए। डेविड बेडिंघम 111 गेंद में छह चौकों की मदद से 45 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। कप्तान तेम्बा बावुमा ने 36 रन की पारी खेली।

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र में किया शानदार प्रदर्शन

# कमिंस ने छठे बार लिए 5+ विकेट, 300 शिकार पूरे करने वाले 8वें ऑस्ट्रेलियाई

एजेंसी ▶▶| लंदन

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र के फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। कमिंस ने मैच की पहली पारी में फाइव विकेट हॉल पूरे किए। डब्ल्यूटीसी के मौजूदा चक्र में सबसे ज्यादा बार फाइव विकेट हॉल भी कमिंस के नाम हो गए हैं। उन्होंने छठी बार डब्लूटीसी 2023-25 चक्र में ऐसा किया। इतना ही नहीं, कमिंस मौजूदा डब्लूटीसी चक्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए हैं। उनके नाम अब तक 2023-25 चक्र में 79 विकेट हो चुके हैं। उन्होंने दोनों ही मामलों में भारत के जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़ दिया है। कमिंस की शानदार गेंदबाजी की मदद से दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 138 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 212 रन बनाए थे, इस तरह कंगारू टीम को 74 रनों की बढ़त हासिल हुई। ऑस्ट्रेलिया के लिए कमिंस ने छह विकेट लिए, जबकि मिचेल स्टार्क को दो और जोश हेजलवुड को एक सफलता मिली। दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी इस कदर खराब रही कि टीम के सिर्फ चार बल्लेबाज ही दहाई अंक तक पहुंच सके। कमिंस का यह प्रदर्शन डब्लूटीसी फाइनल में किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कमिंस ने इस मामले में काइल जैमिसन को पीछे छोड़ जिन्होंने 2021 में भारत के खिलाफ 31 रन देकर पांच विकेट लिए थे।




### 300 विकेट पूरे करने वाले आठवें ऑस्ट्रेलियाई

कमिंस ने इसके साथ ही टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट पूरे कर लिए हैं और वह ऐसा करने वाले आठवें ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हैं। कमिंस ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले छठे गेंदबाज भी बन गए हैं। वह ग्लेन मैक्ग्रा, मिचेल स्टार्क, डेनिस लिले, मिचेल जॉनसन और ब्रेट ली की सूची में शामिल हो गए हैं।

### कप्तान के तौर पर नौवीं बार झटके पांच विकेट

कमिंस ने कप्तान के तौर पर नौवीं बार एक पारी में पांच या इससे अधिक विकेट झटके हैं। टेस्ट में सबसे ज्यादा बार फाइव विकेट हॉल पूरे करने वाले कप्तान इमरान खान हैं जिन्होंने 12 बार ऐसा किया है। कमिंस और रिची बेनॉड नौ-नौ बार ये उपलब्धि हासिल कर इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं।

### दोनों टीमों का नंबर-एक बल्लेबाज शून्य पर आउट

इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट 1880 से खेला जा रहा है। तब से इस फाइनल से पहले तक इस देश में 561 टेस्ट हुए, लेकिन कभी यह रिकॉर्ड नहीं बना। अब फाइनल में पहली बार ऐसा हुआ है कि इंग्लैंड में किसी टेस्ट में दोनों टीमों का पहले नंबर का बल्लेबाज (पहली गेंद पर स्ट्राइक लेने वाला बल्लेबाज) अपनी-अपनी पहली पारी में खाता नहीं खोल सका हो। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा शून्य पर आउट हुए थे। उन्हें रबाडा ने पवेलियन भेजा था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में एडेन मार्करम भी खाता नहीं खोल पाए। यह अनचाहा रिकॉर्ड इंग्लैंड में 145 साल के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार बना।

## आईएसएसएफ विश्व कप

# सिफत कौर ने 50 मीटर राइफल में जीता कांस्य

एजेंसी ▶▶| म्यूनिख

शीर्ष भारतीय निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने गुरुवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक 23 वर्षीय सिफत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 453.1 अंक बनाए। नॉर्वे की जीनेट हेग ड्यूस्टेड ने 466.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि स्विट्जरलैंड की एमिली जैगी ने 464.8 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया।




### लगातार 35 घंटे गोल्फ खेल केलेची ने बनाया 'विश्व रिकॉर्ड'

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के एक गोल्फर ने लगातार सबसे अधिक घंटे गोल्फ खेलने का रिकार्ड बनाने का दावा किया है। उन्होंने लॉन्ग आइलैंड के एक कोर्स पर रविवार शाम से मंगलवार सुबह तक लगातार 35 घंटे गोल्फ खेली। केलेची एजीही नाम के इस खिलाड़ी ने शुरू में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए 24 घंटे खेलने की योजना बनाई थी, लेकिन कुछ घंटों बाद उन्हें पता चला कि मई में नॉर्वे के एक कोर्स पर एक ब्रिटिश गोल्फर लगातार 32 घंटे खेला था। केलेची ने बताया कि उनकी बहन ने इंटरनेट पर सर्च करते समय 32 घंटे का रिकॉर्ड देखने के बाद उन्हें फोन किया था। एजीही ने इसके बाद पूरी प्रतिबद्धता दिखाई तथा बारिश, थकान और पैरों में दर्द के बावजूद हार नहीं मानी और आखिर में ब्रिटेन के आइजैक रोलैंड्स को पीछे छोड़ने में सफल रहे। उन्होंने कहा, 'मुझे यह कहते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि मैं विश्व चैंपियन हूं। यह एक ऐसा अवसर है जो बहुत से लोगों को नहीं मिलता। यह निश्चित रूप से कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैं भविष्य में अपने बच्चों और अपने पोते पोतियों को जरूर बताऊंगा।'

### विंबलडन ने की रिकॉर्ड 6.23 अरब की पुरस्कार राशि की घोषणा

**लंदन।** विंबलडन के मेजबान 'ऑल इंग्लैंड क्लब' के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड 53.5 मिलियन पाउंड (लगभग 6.23 अरब रुपए) कर दी गई है। एकल वर्ग के विजेताओं को तीन मिलियन पाउंड (लगभग 34.93 करोड़ रुपए) की राशि मिलेगी। यह रकम पिछले साल की तुलना में सात प्रतिशत और 3.5 मिलियन पाउंड अधिक है। यह 10 साल पहले इस 'ग्रास-कोर्ट' ग्रैंड स्लैम में प्रतियोगियों मिलने वाली राशि से दोगुना है। 'ऑल इंग्लैंड क्लब के अध्यक्ष डेबोरा जेवांस ने कहा, 'हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि पिछले 10 वर्षों में हमने पुरस्कार राशि में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की है।

**HARYANA STAFF SELECTION COMMISSION**
**BAYS NO. 67-70, SECTOR-2, PANCHKULA - 134151**
**Phone No. 0172-2586501, Website www.hssc.gov.in**

**Public Notice for date extension**
**(CET Advt No. 1/2025)**

Reference CET (Common Eligibility Test) Group C Advt No. 1/2025 published on 26.05.2025 through online registration portal i.e. https://onetimeregn.haryana.gov.in

This is for the information of the candidates the closing date for online application portal is extended from 11:59 PM on 12.06.2025 by 48 hours till 11:59 PM on 14.06.2025. The closing date for submission of fee will be 16.06.2025 till 6.00 PM.

**Note: It may be noted that no further extension shall be given under any circumstances.**

**-Sd- Under Secretary,**
**for Secretary, Haryana Staff Selection Commission,**
**Panchkula**
Place: Panchkula
Dated: 12th June, 2025
SAMVAD:- 1159/13/692/2026/35601/88/6 dt. 12/06/2025

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

**FIR NO. 216 Dt.11.06.2025 U/S 194 B.N.S.S थाना सदर सोनीपत।**

**पुरुष मृतक की पहचान**

**नाम**- नाम पता नामालुम ।
**पिता/पति का नाम**-नाम पता नामालुम
**उम्र**-करीब 50 वर्ष।
**कद**- 5 फुट 6 इन्च
**हुलियाः** काले व सफेद बाल, पतला व लम्बुतरा चेहरा, पतला फुर्तिला शरीर।
**पहनावाः** मिटटी के लाल व सफेद व बैंगनी रंग की टी शर्ट पहने हुये हैं।



सर्व साधारण को सुचित किया जाता हैं कि दिनाक 11/06/2025 को नामपता नामालुम व्यक्ति की नाश श्री राम कलोनी बन्देपुर सोनीपत पर मिली है। जो देखने में गर्मी के कारण मौत होनी ब्यान हुई है। दिनांक 11/06/2025 को नामपता नामालुम की नाश को शिनाख्त हेतु डेड हाउस सोनीपत रखवाया गया हैं। अगर मृतक के बारे में कोई सुचना प्राप्त हो या किसी थाना के क्षेत्र में कोई गुमशुदगी है या शिनाख्त होती है तो निम्न नम्बरों पर सुचित करे।

**प्रबन्धक थाना मो. न. 7419410534**
**अनुसंधानकर्ता मो. नः- 9812674787**
**कन्ट्रोल रुम सोनीपतः- 0130-2222903,**

**हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत ।**

पीआरडीएच-1084/11/3507/2026/35578/88/6 दि. 12.06.2025

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 219 दिनांक 11.06.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सांपला रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे –**

नाम - प्रीती
पिता/पति- पत्नी राम शरण
पता - निवासी गांव राजपुर इशरौली जिला सीतपापुर उतरप्रदेश हाल किरायेदार वार्ड न0-4 सांपला जिला रोहतक
उम्र-31 वर्ष
कद- 5 फुट 2 ईंच ।
हुलिया - रंग गोरा, गोल चेहरा, हृष्ट पुष्ट शरीर।
पहनावा - पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए।



दिनांक 11.06.25 को प्रीती पत्नी राम शरण निवासी गांव राजपुर इशरौली जिला सीतपापुर उतरप्रदेश हाल किरायेदार वार्ड न0-4 सांपला जिला रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 9466458250

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

**अभियोग संख्या 164 दिनांक 31.05.25 धारा 127 (6) बी०एन०एस० थाना राई जिला सोनीपत ।**

**गुमशुदा की पहचान**

नाम संगीता, सुमित, अमित, राधा
पिता/पति का नाम- राजकुमार, सुमित पुत्र राजकुमार, अमित पुत्र राजकुमार, राधा पुत्री राजकुमार
पता राई जिला सोनीपत ।
उम्र 36, 16, 15, 2 वर्ष
कद 5 फुट 2 इंच, 4 फूट 5 इंच, 4 फूट, 1 फूट 5 ईंच



**संगीता का हुलियाः-**
रंग सावंला, लम्बुतरा चेहरा, हृष्ट पुष्ट शरीर।
**सुमित का हुलियाः-** लम्बुतरा चेहरा, पतला शरीर।
**अमित का हुलियाः-** लम्बुतरा चेहरा, पतला शरीर।
**पहनावाः-** लाल रंग का सुट व सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुये है।

दिनांक 30.05.25 को नाम संगीता पत्नि राजकुमार, सुमित पुत्र राजकुमार, अमित पुत्र राजकुमार, राधा पुत्री राजकुमार पता राई जिला सोनीपत बिना बताये घर से कही पर चले गये हैं। अगर गुमशुदा बारे किसी को कोई सूचना प्राप्त हो या शिनाख्त हो तो निम्न नम्बरों पर सूचित करे।

**प्रबन्धक थाना मो0न0- 7419410538**
**अनुसंधानकर्ता मो० न० 7098190000**
**कन्ट्रोल रूम सोनीपत- 0130-2222903**

**हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत ।**

पीआरडीएच-1084/11/3500/2026/35545/88/6 दि. 12.06.2025

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 218 दिनांक 10.06.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सांपला रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे -**

नाम - कुन्ती उर्फ कल्पना
पिता/पति- पत्नी दिनेश
पता- निवासी नजदीक शिवा हाई स्कूल सांपला जिला रोहतक
उम्र- 50 वर्ष
कद- 5 फुट 5 इंच ।
हुलिया - रंग सांवला, गोल चेहरा, मोटा शरीर।
पहनावा - गेंहू रंग का सूट सलवार पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए।



दिनांक 10.06.25 को कुन्ती उर्फ कल्पना पत्नी दिनेश निवासी नजदीक शिवा हाई स्कूल सांपला जिला रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 9996180200

**सार्वजनिक सूचना**

नगरपालिका सीवन के सभी शहरवासियों को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका सीवन द्वारा हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वामित्व योजना के तहत लाल डोरे मे स्थित प्रोपर्टी आई०डी० के स्वामित्व कार्ड जारी किए जा रहे है। उक्त स्कीम के तहत प्राप्त हुए निम्नलिखित आवेदनों के स्वामित्व कार्ड जारी किए जाने हैं यदि किसी व्यक्ति को निम्न सूची में वर्णित आवेदन/प्रोपर्टी आई०डी० बारे कोई भी आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर अन्दर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति दर्ज करवा सकता है। यदि इन प्रोपर्टी आई०डी० पर कोई दावा/आपत्ति प्राप्त नहीं होता है तो उक्त बारे आगामी कार्यवाही करते हुए निम्न सूची अनुसार स्वामित्व कार्ड जारी कर दिए जाएंगे।

| Sr. No. | Property ID | Name | Father Name | Sr. No. | Property ID | Name | Father Name |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 8KE3JJA7 | Manika Devi | Pawan Kumar | 21. | 8KKO16T5 | Madan Lal | Radha Krishan Munjal |
| 2. | 8K1T2NK4 | Prem Lata | Jagdish Chand | 22. | 8KQ8K781 | Suresh Kumar | Fakir chand |
| 3. | BKNQRBB3 | Seema Garg | Krishan Kumar | 23. | 8K38DL4 | Mukthyar Singh Saini | Raje Ram |
| 4. | 8KYFDNY8 | Renu Bala Harsh | Jaideep Singh | 24. | 8K4591M5 | Kalwati | Dhram Pal |
| 5. | 8KW76N33 | Jitesh Kumar | Ram Kumar | 25. | 8KYW1WY2 | Gurmet kaur | Vinod Kumar |
| 6. | 8KPFD4D6 | Ram Kumar | Topam Dass | 26. | 8K9UU172 | Sanjay Kumar | Om Parkash |
| 7. | 8KBQ9987 | Jagdish Kumar | Sham Lal | 27. | 8KL09532 | Vinod Kumar | Dalip Chand |
| 8. | 8KBNT6Y2 | Jagdish Kumar | Sham Lal | 28. | 8K8V1258 | Sunil Singh | Mahavir Singh |
| 9. | 8KEQQW17 | Nand Kishore Midha | Khem Chand | 29. | 8KG01T86 | Rajender Sharma | Ram Sarup |
| 10. | 8KGG74T9 | Palo | Ruldu Ram | 30. | 8K2LC5A2 | Sukhdyal | Ram Chand |
| 11. | BK7Y22R3 | Rohit Sharma | Ramesh Kumar | 31. | 8KW7H7U3 | Mahesi | Jai Pal |
| 12. | 8KP66E84 | Surender Kumar | Shripal | 32. | 8KUQMM96 | Sandeep Sharma | Sohan Singh |
| 13. | 8KEBC1J7 | Raghubir | Ratan Singh | 33. | 8KPNWRV9 | Nand Lal Raheja | Raghubir Singh |
| 14. | 8KNHSM33 | Preet Kumar | Jaswant Ram | 34. | 8KD7C2U9 | Pala Ram | Sohan Lal |
| 15. | 8K689JHO | Mahipal | Bablu Ram | 35. | 8KG46MC1 | Rajesh kumar | Ram Sarup |
| 16. | 8K3J1FT3 | Ram Mehar Singh | Birkha Ram | 36. | 8KVMJ597 | Jagir Singh | |
| 17. | BKAMU1Q1 | Subhash | Jeet Ram | | | Karnail Singh | Mohan Singh |
| 18. | 8KWLTWM4 | Jai Singh | Deshraj | 37. | 8KY31H46 | Rajinder Kumar | Amar Nath |
| 19. | 8K01K1F4 | Pala Ram | Dhanpat Rarn | 38. | 8K4PJRC6 | Balveer Singh | Deva Ram |
| 20. | 8K11TLF1 | Usha Rani | Bhana Ram | 39. | 8K8B1TD3 | Madan Lal Sharma | Puran Chand |

**हस्ता/-सचिव, नगरपालिका सीवन।**

पीआरडीएच 1078/11/709/2026/35555/C/88/6 दि. 12.06.2025

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 217 दिनांक 10.06.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सांपला रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**

नाम - जयवीर
पिता/पति- पुत्र राजेन्द्र
पता - निवासी गांव भापडौदा हाल म.न. 474 सैक्टर 2 बहादुरगढ जिला झज्जर
उम्र- 39 वर्ष
कद - 5 फुट 7 ईंच ।
हुलिया - रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, मजबूत शरीर।




पहनावा नीले रंग का पजामा, व सफेद रंग की कमीज पहने हुए।

दिनांक 10.06.25 को जयवीर पुत्र राजेन्द्र निवासी गांव भापडौदा हाल म.न. 474 सैक्टर 2 बहादुरगढ जिला झज्जर ने सांपला में नितिन गारमेन्टस के नाम से दुकान कर रखी है। उसके दुकान से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है । यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 9996180200

पीआरडीएच-1084/11/3513/2026/35590/88/6 दि. 12.06.2025




## खबर संक्षेप

### गौरव बने आर्थिक सलाहकार के सदस्य



**नई दिल्ली।** प्रख्यात अर्थशास्त्री प्रोफेसर गौरव वल्लभ को प्रधानमंत्री मोदी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। गौरव वल्लभ को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद का सदस्य नियुक्त किया गया है। वे इस उच्च स्तरीय निकाय में एक अर्थशास्त्री के रूप में शामिल हुए हैं, जो प्रधानमंत्री के मुख्य आर्थिक विचार-मंच में एक अहम विस्तार माना जा रहा है। डिबेट से चर्चा में आए थे।

### हम भारत के साथ अच्छे संबंध चाहतेः मो. यूनुस



**लंदन(एजेंसी)।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि उनकी अंतरिम सरकार भारत के साथ अच्छे संबंध चाहती रही, लेकिन 'हमेशा कुछ न कुछ गलत हो जाता है'। लंदन में 'चाथम हाउस' थिंक टैंक के निदेशक ब्रोनवेन मैडॉक्स के साथ बातचीत में यूनुस ने अपदस्थ पीएम शेख हसीना के प्रत्यर्पण के बारे में कहा कि यह जारी रहेगा... हम चाहते हैं कि पूरी प्रक्रिया बहुत कानूनी, बहुत उचित हो।

### ईरान ने नया परमाणु संवर्धन संयंत्र सक्रिय करने की घोषणा की

**वियना (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु ऊर्जा पर नजर रखने वाली एजेंसी ने अप्रसार दायित्वों को पूरा नहीं करने पर ईरान की निंदा की, जिसके तुरंत बाद ईरान ने कहा कि उसने तीसरा परमाणु संवर्धन संयंत्र बना लिया है और वह उसे सक्रिय करेगा। ईरानी विदेश मंत्रालय और परमाणु ऊर्जा संगठन ने कहा कि ईरान के पास इस राजनीतिक प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

### रॉबर्ट वाड्रा ईडी के समक्ष पेश होने को तैयारः वकील

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा के वकील सुमन खेतान ने बृहस्पतिवार को कहा कि रॉबर्ट वाड्रा का प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन से बचने का कोई इरादा नहीं है और वह इस महीने के अंत में अपनी विदेश यात्रा से पहले या बाद कभी भी जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए तैयार हैं। वकील की यह टिप्पणी वाड्रा के ईडी के समक्ष पेश न होने के दो दिन बाद आई है। वाड्रा ब्रिटेन के कथित हथियार बिचौलिया संजय भंडारी से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए एजेंसी के समन पर 10 जून को पेश नहीं हुए थे।

## लीगल न्यूज पोर्टल के सवालों पर सीजेआई बीआर गवई की टिप्पणी

# कई ऐसे मौके होते हैं जहां न्यायपालिका को नहीं घुसना चाहिए, लेकिन लांघ जाते सीमा

सीजेआई बीआर गवई ने न्यायिक सक्रियता को 'न्यायिक आतंकवाद' में बदलने के प्रति आगाह किया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने संविधान को 'स्याही में लिखी एक शांत क्रांति' बताया है। एक लीगल न्यूज पोर्टल के सवाल का जवाब देते हुए जस्टिस गवई ने कहा कि कई बार आप (कोर्ट) सीमाओं को पार करने की कोशिश करते हैं और वहां घुसने की कोशिश करते हैं, जहां आमतौर पर न्यायपालिका को प्रवेश नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी ताकत है जो न केवल अधिकार देती है, बल्कि ऐतिहासिक रूप से दबे हुए लोगों को ऊपर उठाती है। वे ऑक्सफोर्ड यूनियन में 'फ्रॉम रिप्रेजेंटेशन टू रियलाइजेशनः एम्बॉडिंग द कॉस्टिट्यूशनंस प्रॉमिस'विषय पर बोल रहे थे। इस दौरान सीजेआई गवई ने 'न्यायिक सक्रियता' से 'न्यायिक आतंकवाद' की ओर बढ़ने को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी चीजों से बचना चाहिए। बार एंड बेंच ने सीजेआई बीआर गवई से एक सवाल पूछा। सवाल था कि भारत में न्यायिक सक्रियता कितनी सही है। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि न्यायिक सक्रियता भारत में जरूरी है। लेकिन, हमें ऐसी जगह पर नहीं जाना चाहिए, जहां न्यायपालिका को नहीं जाना चाहिए।

### समय सीमा तय करने पर राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से मांगी है राय



- जस्टिस गवई बोले, कोर्ट सीमाओं को पार करने की कोशिश न करे, जब देश खतरे में हो तो सुप्रीम कोर्ट अलग नहीं रह सकता
- जब हमने पहलगाम आतंकी हमले को सुना तो हैरान रह गए थे

इसी साल अप्रैल में सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार यह तय किया कि राष्ट्रपति को राज्यपाल की ओर से उनके विचार के लिए आरक्षित विधेयकों पर ऐसी सिफारिश मिलने की तारीख से तीन महीने के भीतर निर्णय लेना चाहिए। एक महीने बाद, राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट को लिखा और पूछा कि क्या इस तरह की समय सीमा लगाई जा सकती है। राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट की राय मांगी। यह अनुच्छेद राष्ट्रपति को कानूनी मुद्दों या सार्वजनिक महत्त्व के मामलों पर अदालत से सलाह लेने की शक्ति देता है। राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से पूछा, 'क्या राज्यपाल भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत उनके समक्ष प्रस्तुत विधेयक पर सभी उपलब्ध विकल्पों का प्रयोग करते समय मंत्रिपरिषद द्वारा दी गई सहायता और सलाह से बंधे हैं?' राष्ट्रपति ने पूछा कि क्या राज्यपाल के संवैधानिक विवेक का प्रयोग न्यायसंगत है - क्या इस पर अदालत में मुकदमा चलाया जा सकता है। राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 361 का जिकर करते हुए पूछा, जिसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल अपने पद की शक्तियों और कर्तव्यों के इस्तेमाल के लिए किसी भी अदालत के प्रति उत्तरदायी नहीं होंगे।

### बोले-न्यायिक समीक्षा का प्रयोग बहुत ही असाधारण मामलों में हो

सीजेआई ने कहा कि अगर विधायिका या कार्यपालिका लोगों के अधिकारों की रक्षा करने में विफल रहती है, तो न्यायपालिका हस्तक्षेप करेगी। लेकिन, न्यायिक समीक्षा की शक्ति का उपयोग बहुत ही कम मामलों में किया जाना चाहिए। सीजेआई गवई ने कहा, '... उस शक्ति (न्यायिक समीक्षा) का प्रयोग बहुत ही सीमित क्षेत्र में और बहुत ही असाधारण मामलों में किया जाना चाहिए। जैसे कि, कोई कानून संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है, या यह संविधान के किसी भी मौलिक अधिकार के साथ सीधे संघर्ष में है, या यदि कानून इतना स्पष्ट रूप से मनमाना, भेदभावपूर्ण है... तो अदालतें इसका प्रयोग कर सकती हैं, और अदालतों ने ऐसा किया है।'

## गरीबों को सशक्त बनाने के लिए तकनीक महत्वपूर्ण सहाराः मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प के अलावा, 'डिजिटल इंडिया' का लक्ष्य और दृष्टिकोण अब साकार होने लगा है क्योंकि यह वर्तमान सरकार के शासन का मूल बन गया है। 11 साल पहले देश में शुरू हुई डिजिटल क्रांति, लगभग हर नीति-निर्माण और जन कल्याणकारी योजना के क्रियान्वयन में शामिल हो गई है, जिसमें गरीबों, वंचितों और हाशिए पर पड़े वर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए विस्तृत योजनाएं बनाई गई हैं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि "प्रौद्योगिकी की शक्ति का लाभ उठाने से लोगों को अनगिनत लाभ हुए हैं। उन्होंने कहा कि सेवा वितरण और पारदर्शिता को काफी बढ़ावा मिला है। तकनीक सबसे गरीब लोगों के जीवन को सशक्त बनाने का एक साधन बन गई है।

डिजिटल इंडिया के 11 साल



### आधारः दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल आईडी

आधार प्रत्येक नागरिक की एक विशिष्ट पहचान देश की डिजिटल पहचान क्रांति को शक्ति प्रदान कर रही है। आज, 140 करोड़ की आबादी के प्रत्येक नागरिक के पास एक विशिष्ट 12-अंकीय आधार संख्या है। आधार प्रमाणीकरण लेनदेन 150 बिलियन का आंकड़ा पार कर गया है। डिजिलॉकर एक ऐसा एप्लिकेशन जो दस्तावेजों को ऑनलाइन संग्रहीत करने की सुविधा देता है, ने कागज रहित शासन को मजबूत प्रोत्साहन दिया है।

### मोदी ने डिजिटल क्रांति से अर्थव्यवस्था को बदलाः शाह

नई दिल्ली(भाषा)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि मोदी सरकार ने प्रौद्योगिकी के उपयोग को लोकतांत्रिक बनाया है और व्यापार क्षेत्र के लिए इसकी शक्ति का इस्तेमाल किया है, जिससे भारत पिछले 11 वर्षों में दुनिया में एक अग्रणी डिजिटल अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के नौ जून को 11 साल पूरे हो गए। शाह ने 'एक्स' पर लिखा मोदी सरकार ने प्रौद्योगिकी के उपयोग को लोकतांत्रिक बनाया है और व्यापार क्षेत्र के लिए इसकी शक्ति का दोहन किया है, जिससे भारत बीते 11 साल में दुनिया में एक अग्रणी डिजिटल अर्थव्यवस्था बन गया है।

## फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से मिले जयशंकर

भाषा ▶▶ पेरिस



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में समर्थन के फ्रांस के मजबूत संदेश के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति को रेखांकित करने के लिए यूरोप के तीन देशों की यात्रा पर हैं। यह यात्रा गत 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में हो रही है। जयशंकर ने मुलाकात के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहाकि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मोदी का अभिवादन उन्हें प्रेषित किया। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में समर्थन के फ्रांस के मजबूत संदेश के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहाकि हमारी चर्चाओं में हमारी रणनीतिक साझेदारी के प्रति विश्वास, सहजता और महत्वाकांक्षा की झलक मिली।

### मोदी ने मुलाकात कर दी सलाह

## राष्ट्रीय प्रवक्ता आचरण में संयमित और विनम्र बने रहें

नई दिल्ली (भाषा)। प्रधानमंत्री मोदी ने बृहस्पतिवार को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं से मुलाकात कर उन्हें पार्टी के सिद्धांतों और विचारधाराओं के अनुरूप आचरण करने की सलाह दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने बृहस्पतिवार सुबह भाजपा के प्रवक्ताओं के साथ बातचीत के दौरान भाजपा संगठन में एक नेता के रूप में अपने लंबे अनुभव और मीडिया के साथ अपनी बातचीत को याद करते हुए उन्हें सुझाव दिए। सूत्रों के अनुसार मोदी ने भाजपा प्रवक्ताओं को अपने आचरण में संयमित और विनम्र बने रहने तथा प्रासंगिक मुद्दों पर अच्छी जानकारी रखने की सलाह दी। मोदी समय-समय पर पार्टी के संगठनात्मक नेताओं से बातचीत करते हैं और उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करते हैं। भाजपा ने हालांकि बैठक के विवरण पर कोई आधिकारिक टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि यह पार्टी की आंतरिक बैठक थी।

## बांग्लादेश में टैगोर के पैतृक घर पर तोड़फोड़ भारत की सभ्यतागत विरासत पर हमलाः संबित पात्रा

भाषा ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा ने बांग्लादेश में रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर में तोड़फोड़ की घटना को लेकर बृहस्पतिवार को पड़ोसी देश की अंतरिम सरकार की निंदा की और इस घटना को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक व सभ्यतागत विरासत पर हमला करार दिया। संवाददाताओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने प्रतिष्ठित भारतीय हस्ती टैगोर की विरासत को निशाना बनाने वाली घटना की वैश्विक निंदा का आह्वान किया और इसे इस्लामी समूहों द्वारा 'पूर्व नियोजित' हमला बताया। बांग्लादेश के सिराजगंज जिले में मंगलवार को भीड़ ने नोबेल पुरस्कार विजेता टैगोर के पैतृक घर पर हमला कर तोड़फोड़ की। भाजपा प्रवक्ता पात्रा ने मीडिया में जारी खबरों का हवाला देते हुए कहा कि हमले के पीछे जमात-ए-इस्लामी और हिफाजत-ए-इस्लाम का हाथ है। उन्होंने कहा कि टैगोर बंगाल और भारतीय संस्कृति व सभ्यता के एक प्रतिष्ठित प्रतीक हैं। पात्रा ने इस मुद्दे को नहीं उठाने के लिए बंगाल की मुख्यमंत्री ममता की भी आलोचना की।

### कांग्रेस ने केंद्र से कहा

## न्यायमूर्ति वर्मा के मामले में हमें जांच समिति की रिपोर्ट दें



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने सरकार से न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने वाली उच्चतम न्यायालय की समिति की रिपोर्ट उसके साथ साझा करने के लिए कहा है ताकि वह संसद के मानसून सत्र से पहले महाभियोग के मुद्दे पर अपना रुख तय कर सके। सूत्रों ने बताया कि सरकार ने अभी तक इस संबंध में कोई जवाब नहीं दिया है। न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आवास पर इस साल मार्च में आग लगने के बाद कथित तौर पर नकदी से भरे कई अधजले बोरे पाए गए थे। उस समय वह दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। बाद में उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया था।

### श्रीनगर में बोले मनोहर लाल

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 2 लाख साइबर हमलों को विफल किया

**श्रीनगर (भाषा)।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक सप्ताह में भारत की बुनियादी ऊर्जा अवसंरचना को निशाना बनाकर किए गए लगभग दो लाख साइबर हमलों को देश ने विफल कर दिया। मनोहर लाल ने यहां पत्रकारों से कहा कि 'प्रौद्योगिकी में प्रगति के बाद से यहां- साइबर हमले या साइबर अपराध- जैसे नये खतरे सामने आए हैं। इनमें वृद्धि हुई है, लेकिन सरकार ने इसपर काम किया है और हमारी साइबर सुरक्षा ने ऐसे सभी खतरों को लगभग रोक दिया है।" वह भाजपा -नीत केंद्र सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि देश पर कई साइबर हमले हुए हैं। जहां तक ऊर्जा विभाग का सवाल है, करीब दो लाख साइबर हमलों का प्रयास किया गया।

### ईडी की कार्रवाई

## 2,700 करोड़ की धोखाधड़ी में राजस्थान-गुजरात में छापे मारे

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निवेशकों से कथित तौर पर 2,700 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के तहत बृहस्पतिवार को राजस्थान और गुजरात में छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज यह मामला नेक्सा एवरग्रीन नामक कंपनी के खिलाफ राजस्थान पुलिस की प्राथमिकी से संबंधित है। सूत्रों ने कहा कि कंपनी पर आरोप है कि उसने गुजरात के धोलेरा शहर में भूखंड और अधिक रिटर्न का वादा करके निवेशकों से 2,700 करोड़ रुपये की ठगी की है। उन्होंने कहा कि इस जांच के तहत राजस्थान के सीकर, जयपुर, जोधपुर और झुंझुनू और गुजरात के अहमदाबाद में कई स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं।

## मूसेवाला की जयंती पर उनके तीन नए गीत रिलीज



**चंडीगढ़ (भाषा)।** पंजाबी गायक दिवंगत सिद्धू मूसेवाला की 32 वीं जयंती के अवसर पर उनके परिजन ने उनके तीन नए गीत रिलीज किए हैं। इस मौके पर '0008', 'नील' और 'टेक नोट्स' इन गीतों को बुधवार को दिवंगत गायक के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर जारी किया गया और यूट्यूब पर इन्हें लाखों व्यूज मिले हैं।

## भारत-पाकिस्तान को एक साथ ले आऊंगाः ट्रंप

वाशिंगटन/सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से दुश्मनी रही है और वह दोनों देशों को एक साथ ले आएंगे। ट्रंप ने दावा किया कि वह "किसी भी समस्या का समाधान कर सकते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति 'व्हाइट हाउस' में एक विधेयक पर हस्ताक्षर के लिए आयोजित समारोह में ट्रंप ने कहा कि हम दोनों (भारत और पाकिस्तान) को एक साथ लाने जा रहे हैं।

स्कूली शिक्षा और खेल विभाग को दी चुनौती

# अल्पसंख्यक संस्थानों में 11वीं कक्षा के दाखिले में कोटा तय नहीं किया जा सकता

- बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार के आदेश पर रोक लगाई

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बंबई उच्च न्यायालय ने गुरुवार को महाराष्ट्र सरकार के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी जिसमें अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी)और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए 11वीं की सीट आरक्षित करने के लिए कहा गया है। न्यायमूर्ति एम एस कार्णिक और न्यायमूर्ति एन आर बोरकर की पीठ ने अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों में संवैधानिक/सामाजिक आरक्षण लागू करने के लिए सरकार के स्कूली शिक्षा और खेल विभाग द्वारा छह मई को जारी किए गए प्रस्ताव को चुनौती देने वाली कुछ अल्पसंख्यक संस्थानों द्वारा दायर याचिकाओं पर यह आदेश दिया।



### अगली सुनवाई 6 अगस्त को होगी

उच्च न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ताओं की दलीलों में दम नजर आया और इसलिए अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों में 11वीं में प्रवेश के लिए सामाजिक आरक्षण का आदेश लागू नहीं होगा। पीठ ने कहा कि वह प्रस्ताव के उस खंड पर रोक लगा रही है पीठ ने सरकार को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। सुनवाई 6अगस्त को होगी।

### सुप्रीम कोर्ट ने दी व्यवस्था

## आंध्रप्रदेश की शिक्षक भर्ती परीक्षा पर रोक से कर दिया इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आंध्र प्रदेश में शिक्षकों की भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा को रोकने की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया और कहा कि इसे 'बीच में' नहीं रोका जा सकता। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि हम कोई तंत्र नहीं बनाते हैं।



### बीच में नहीं रोक सकते

याचिकाकर्ता के वकील ने सरकारी अधिसूचना का हवाला दिया। पीठ ने हालांकि कहा परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। हम उन्हें बीच में नहीं रोक सकते।

## ट्रंप ने मस्क की माफी को किया 'स्वीकार'



**वॉशिंगटन(एजेंसी)।** व्हाइट हाउस ने बताया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की ओर से हाल ही में की गई टिप्पणियों के लिए मांगी गई माफी को स्वीकार कर लिया है। दोनों मशहूर हस्तियों के बीच चल रहा तनाव कम होने का संकेत मिला है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। लेविट ने कहा कि मस्क की कंपनियों के साथ सरकारी अनुबंधों की समीक्षा नहीं की जा रही। मस्क ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, मैं पिछले सप्ताह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बारे में अपनी कुछ पोस्ट पर खेद जताता हूं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25